


हरिभूमि
# रायपुर भूमि



### कैफेटेरिया और पार्किंग सुविधा भी होगी वीआईपी

# रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म से चौड़ा होगा नवा रायपुर का प्लेटफार्म, कई सुविधाएं

- सीबीडी स्टेशन बनकर तैयार, मुक्तांगन स्टेशन बनने में सालभर और लगेगा
- अगस्त में एनआरडीए रेलवे को सौंप सकता है स्टेशन



*राजधानी का 7 प्लेटफार्म वाला रेलवे स्टेशन बीते 10 सालों से 1-ए भी श्रेणी में शामिल है। अब यात्रियों को ऐसा ही सर्वसुविधा वाला स्टेशन नवा रायपुर में भी मिलेगा, जो कई मायनों में राजधानी के स्टेशन से भी बेहतर होगा। सीबीडी स्टेशन को महानगरों के तर्ज पर बनाया गया है, जिसके प्लेटफार्म-1 का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। अगस्त महीने में एनआरडीए इसे रेलवे को सौंप सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि ने रविवार को सीबीडी स्टेशन में तैयार की जा रही जनसुविधाओं का जायजा लिया। राजधानी का प्लेटफार्म-2 और 3 नंबर जहां लगभग 8 से 9 मीटर चौड़ा है, जिसमें दोनों तरफ स्टॉल होने से जगह और कम रह जाती है, वहीं सीबीडी स्टेशन की औसत चौड़ाई 12 मीटर से ज्यादा है। प्लेटफार्म और ऊपरी ▶▶।शेष पेज 13 पर



### स्टेशन में व्यावसायिक गतिविधियां भी

सीबीडी और मुक्तांगन स्टेशन से केवल ट्रेनों का संचालन ही नहीं होगा, बल्कि इसमें कई तरह की व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित होंगी। इसके लिए स्टेशन के प्रथम तल को पूरी तरह से कमर्शियल हब बनाया जाएगा। इसमें दो दर्जन से अधिक दुकानें होंगी। एनआरडीए ने अभी दुकानों का निर्माण नहीं किया है। अफसरों का कहना है कि ट्रेन का संचालन शुरू होने के पहले दुकानों का निर्माण कर लिया जाएगा। फिर इसे किराए पर दिया जाएगा।

### अब मुक्तांगन स्टेशन का इंतजार

*रेलवे ने केंद्री रेलवे स्टेशन बनाने का काम दो साल पहले ही पूरा कर लिया है। एनआरडीए ने सीबीडी स्टेशन का काम तो पूरा कर लिया है, लेकिन नवा रायपुर में ही अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन में निर्माणाधीन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर रेलवे ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। रेल अफसरों के मुताबिक, बिना प्लेटफार्म* ▶▶।शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### पटाखे का अवैध निर्माण एक गिरफ्तार



**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखा बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, अवैध रुप से पटाखा बनाने के आरोप में ताराचंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 हजार रुपए के पटाखे के साथ पटाखा बनाने के लिए इस्तेमाल विस्फोटक जब्त किया गया है। ताराचंद परसदा में अपने निवास पर चोरी-छिपे पटाखे बना रहा था।

### नौकरी का दिया झांसा युवती से पांच लाख ठगे

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवती ने अपनी सहेली तथा एक अन्य के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, चिरमिरी निवासी रचना मिश्रा ने दामोदर प्रधान तथा मनीषा वर्मा के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। रचना ने पुलिस को बताया कि भाठागांव इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास मनीषा ने उसका परिचय दामोदर से कराते हुए एम्स अस्पताल में कार्यरत होने की जानकारी दी। इसके बाद उसे एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की ठगी की है।

### कार सवार ने युवक को पीटा, केस दर्ज

**रायपुर।** सड़क पर खड़ी बाइक हटाने के विवाद पर कार चालक ने युवक की पिटाई कर दी। माना पुलिस ने टुम्मन कुर्रे नामक युवक की शिकायत पर कार सवार हेमंत के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अपने दोस्त के साथ शहर आया था। वापसी के दौरान शदाणी दरबार के पास उसके साथ यह घटना हो गई। मारपीट के दौरान मामला बीच-बचाव के बाद शांत हो गया, मगर आरोपी ने अपने घर लौट रहे प्रार्थी की बाइक को ठोकर मार दी, जिससे गिरकर वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### शिक्षाविदों का कहना, सेमेस्टर सिस्टम के कारण छात्रों की दिलचस्पी घटी

# 80% कटऑफ फिर भी दाखिले में दिलचस्पी नहीं! अब 'पहले आओ-पहले पाओ', इधर...पोर्टल ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दूसरी सूची 8 और 9 जुलाई को जारी की गई थी। जिन छात्रों के नाम इस सूची में आए थे, उन्हें 15 जुलाई तक का समय संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दिया गया था। कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक जाने के बाद भी छात्र दाखिले में दिलचस्पी नहीं ले रहे है। नियमतः अब 16 जुलाई से महाविद्यालयों की रिक्त सीटें सभी छात्रों के लिए खोल दी जाएंगी। अर्थात सीट रिक्त होने की स्थिति में जो छात्र पहले आएंगे उन्हें पहले प्रवेश दे दिया जाएगा। जिले के शीर्ष महाविद्यालयों में भी सीटें रिक्त हैं। ऐसे में प्रथम श्रेणी वाले छात्र भी यदि पहले जाते हैं तो उन्हें एडमिशन प्रदान कर दिया जाएगा।

साइंस कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय, छग कॉलेज, डिग्री गर्ल्स कॉलेज सहित शहर के कई निजी महाविद्यालयों में भी प्रथम श्रेणी में कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक गए हैं। द्वितीय श्रेणी में भी कटऑफ 70 प्रतिशत से ज्यादा ही रहे। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि शुरुआती चरणों में भी 50 फीसदी से अधिक सीटों में प्रवेश हो जाएगा। ▶▶।शेष पेज 13 पर

### बीबीए, बीसीए जैसे प्रोफेशनल पाठ्यक्रम की सीटें 80 प्रतिशत तक भरी

### सभी कॉलेजों में पृथक कक्ष

साइंस महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, कॉलेज परिसर में एक पृथक कक्ष बनाया जाएगा। ओपन एडमिशन के लिए आने वाले छात्रों को इस कक्ष में बैठाया जाएगा। जितने भी छात्र आएंगे, उनमें सर्वाधिक अंक वाले छात्रों को पहले प्रवेश देंगे। प्रतिदिन इसी आधार पर दाखिले होंगे। जिन छात्रों के नाम आएंगे, उन्हें तुरंत ही प्रवेश लेना होगा। अन्य महाविद्यालयों में भी इसी तरह की व्यवस्था अपनाई जाएगी।



फाइल फोटो

### नहीं कर पा रहे आवेदन

रविवि द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल को तीन की जगह दो चरणों में समेटे जाने के बाद यह व्यवस्था की गई थी कि ओपन एडमिशन के लिए छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन करने के बाद सीधे कॉलेज में संपर्क कर सकेंगे। लेकिन छात्रों का कहना है कि रविवि का पोर्टल ही आवेदन के लिए नहीं खुल रहा है। इससे भी विद्यार्थियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

### 50 से 60 प्रतिशत तक सीटें रिक्त

बीए और बीकॉम की सीटें 50 से 60 प्रतिशत तक रिक्त हैं। बीबीए और बीसीए की तुलना में इन पाठ्यक्रमों में सीट संख्या अधिक होती है। इस कारण भी इनमें दूसरे चरण की मेरिट लिस्ट के बाद छात्रों को प्रवेश मिल जाते हैं। अन्य वर्षों में प्रथम और द्वितीय चरण की सूची के बाद 40 प्रतिशत तक सीटें खाली रहती हैं, लेकिन इस बार रिक्त सीटों की संख्या अन्य वर्षों की तुलना में 20 प्रतिशत से ज्यादा है। महंत कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय सहित कई निजी कॉलेजों में द्वितीय श्रेणी प्राप्त छात्रों को भी दाखिले मिल जाएंगे।

### अगस्त में प्रवेश नहीं

सभी महाविद्यालयों को पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सर्कुलर जारी कर दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद यह सर्कुलर जारी किया गया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्थिति में महाविद्यालयों में जुलाई के बाद छात्रों को प्रवेश नहीं मिलेगा। कॉलेज अपने स्तर पर 25 जुलाई तक ही एडमिशन दे सकेंगे। कुलपति की अनुमति से 31 जुलाई तक समय दिया जाएगा। वर्ष के अंत में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में छात्रों के पास एडमिशन के लिए पखवाड़े भर का ही समय है।

- बीए और बीकॉम में सर्वाधिक सीटें रिक्त, बीएससी में प्रथम श्रेणी में मिल जाएंगे प्रवेश
- अब 16 जुलाई से रिक्त सीटें सभी छात्रों के लिए खोल दी जाएंगी

### 40% सीटों पर प्रवेश

साइंस कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 30 से 40% सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। सोमवार को अंतिम दिन संख्या बढ़ सकती है। इसके बाद पहले आओ-पहले पाओ के नियम अपनाए जाएंगे।

\- **डॉ.पीसी चौबे**, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### प्रोफेशनल कोर्स की सीटें भरी

बीबीए और बीसीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स की सीटें 80 प्रतिशत से अधिक भर गई हैं। बीए और बीकॉम में प्रवेश आसानी से मिल जाएंगे।

\- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

## कहीं ज्यादा तो कहीं छिटपुट बारिश, दिनभर छाए रहे बादल

- झारखंड की तरफ गया सिस्टम मध्य में रहेगा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राजधानी में रविवार को बारिश का असर कहीं ज्यादा तो कहीं कम दिखा। दोपहर बाद छाए बादलों के साथ बूंदाबांदी वाली स्थिति बनी रही। बारिश की वजह से बनने वाला सिस्टम अब झारखंड की तरफ चला गया है, इस वजह से असर अब मध्य इलाके में सीमित रहने की संभावना है।

कई दिनों के इंतजार के बाद शनिवार को शहर में बारिश हुई, इसके बाद रविवार को भी छाए बादल दोपहर होने के बाद बरसे। बारिश का असर कुछ खास नहीं रहा और शहर में ही कहीं अच्छी वर्षा हुई तो कही बूंदाबांदी वाली स्थिति बनकर रह गई। आंकड़ों के अनुसार, रायपुर में 2, बिलासपुर में 3 एमएम वर्षा दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार छाए बादलों को देखकर बेमेतरा, सरगुजा, कोरबा में भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में चक्रवाती घेरा झारखंड की ओर चला गया है, जिसकी वजह से अब मध्य इलाके में कुछ स्थानों पर ही बरसात के रूप में इसका असर दिखाई देने की संभावना है। इसके अलावा मानसून द्रोणिका के प्रभाव से कहीं-कहीं बादल घिरने के बाद भारी रूप से बरसने के आसार हैं। बीती रात तक हल्की बूंदाबांदी का असर रहने की वजह से अधिकतम तापमान 33 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया।

### बस्तर में बारिश

पिछले चौबीस घंटे में दोरनापाल में 15, राजपुर में 8, मैनपुर में 7, फरसगांव, पथरिया, कोंडागांव में 6 सेमी., बीजापुर, गरियाबंद, देवभोग, घरघोड़ा, माकड़ी में 5 सेमी. तथा अन्य शहरों में चार से लेकर एक सेमी. तक बारिश दर्ज की गई। शनिवार को रायपुर में तीन तथा माना में डेढ़ सेमी. बारिश हुई।

## खूंखार पिटबुल के हमले से घायल डिलीवरी ब्वॉय थाने पहुंचा कुत्ते के मालिक पर एफआईआर


हरिभूमि
आटो चालक सामान छोड़ने पहुंचा, प्रतिबंधित पिटबुल कुत्तों ने चबा डाला हाथ, लगे 12 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अनुपम नगर में सलमान खान पर खूंखार डॉग पिटबुल के हमले के मामले में खम्हारडीह पुलिस ने कुत्ते के मालिक अक्षय राव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हमले में हाथ, पैर, पीट और सीने पर हुए गंभीर जख्म के साथ सलमान थाने पहुंचा। मोतीनगर निवासी डिलीवरी ब्वॉय सलमान खान अनुपम नगर में रहने वाले डॉ. अक्षय राव के घर सामान लेकर गया हुआ था। इसी दौरान डॉ. राव के पिटबुल प्रजाति के खतरनाक दो कुत्ते एक अन्य के साथ उस पर टूट पड़े। सलमान काफी देर तक उनसे पीछा छुड़ाने की कोशिश करता रहा, मगर तीनों कुत्ते उसे काटते रहे। सलमान का कहना है कि घर के भीतर से एक महिला कुत्तों को रोकने की कोशिश कर रही थी, मगर वे अनियंत्रित होकर उसे काटे जा रहे थे। काफी देर ▶▶।शेष पेज 13 पर

### पीड़ित सलमान पहुंचा थाने, हाथ पैर, पेट, सीने पर गंभीर जख्म



### कैसे मिला पिटबुल, होगी जांच

खम्हारडीह थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है कि चिकित्सक दंपति के पास खूंखार प्रजाति का पिटबुल कैसे पहुंचा? इस मामले में पशुपालन विभाग से जानकारी ली जाएगी कि पिटबुल को पालतू बनाने अथवा अन्य किसी बिंदुओं पर प्रतिबंध लगाया तो नहीं गया? जांच के दौरान अगर नियम का उल्लघंन पाया जाता है तो इस मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।




## चैंबर चुनाव सितंबर के अंतिम सप्ताह संभव, इस बार 26 हजार मतदाता चुनेंगे प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में इस बार 26 हजार से अधिक मतदाता अपने पसंद के चैंबर प्रतिनिधि चुनने मतदान करेंगे। सितंबर के अंतिम सप्ताह में चैंबर चुनाव संभावित है, जिसमें पिछले बार की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक नए सदस्य अपने मताधिकार का उपयोग करने जुटेंगे। 23 जुलाई को प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम बैठक राजधानी के बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल सभाभवन के सभागार में आयोजित है। इस बैठक में 2 एजेंडों पर प्रमुखता से चर्चा होगी। पहला एजेंडा चैंबर चुनाव और दूसरा एजेंडा चुनाव अधिकारी की नियुक्ति का रहेगा।

- 23 जुलाई को प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम कार्यकारिणी बैठक

चैंबर चुनाव को लेकर राजधानी के चैंबर भवन में 23 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम बैठक को लेकर व्यापारी जगत की निगाहें टिकी हुई हैं। यह प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम कार्यसमिति बैठक होने के साथ ही आगामी चैंबर ▶▶।शेष पेज 13 पर

### बढ़ सकते हैं 2 से 3 मतदान केंद्र

मार्च 2021 में पिछली बार हुए चैंबर के चुनाव में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में 7 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, बिलासपुर, रायगढ़, मनेंद्रगढ़ शामिल रहे। इस बार के चैंबर चुनाव में चुनाव अधिकारी मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए 2 से 3 मतदान केंद्र बढ़ा सकते हैं, क्योंकि इस बार 26 हजार से अधिक चैंबर के सदस्य इस अहम चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर अपने पसंद के प्रतिनिधि चुनने जुटेंगे।

## नकली होलोग्रॉम मामले में अनवर, एपी के बाद अब यूपी पुलिस की गिरफ्त में टुटेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस की एसटीएफ की टीम अनिल टुटेजा को प्रोटेक्शन वारंट पर मेरठ लेकर गई है। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक, जेल में बंद अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, अनवर ढेबर के खिलाफ उत्तरप्रदेश पुलिस ने ईडी के प्रतिवेदन पर नकली होलोग्राम बनाने का अपराध दर्ज किया है। उसी सिलसिले में यूपी एसटीएफ की टीम ने अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी के बाद अनिल टुटेजा को प्रोटेक्शन वारंट पर ले जाने ईडी की विशेष अदालत में अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अनिल को प्रोटेक्शन वारंट पर उत्तरप्रदेश एसटीएफ के ▶▶।शेष पेज 13 पर

- प्रोटेक्शन वारंट पर यूपी एसटीएफ की टीम पूछताछ करने साथ ले गई


शराब घोटाला मामले में 9000 पन्नों का चालान चार आरोपी, 290 गवाह

### हर फैसले में रही टुटेजा की सहमति

ईडी तथा ईओडब्लू की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, अनिल टुटेजा किसी दूसरे विभाग का अधिकारी था, लेकिन शराब घोटाले में अनिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। टुटेजा ने एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर की मदद से करोड़ों रुपए के शराब घोटाले को अंजाम दिया है। दोनों जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक, शराब घोटाले में अनिल के साथ अनवर ढेबर किंग पिन की भूमिका में थे।

### नकली होलोग्रॉम की मदद से दो की जगह चार सौ पेटी खपाते थे

राज्य में शराब घोटाले की जांच ईडी के साथ ईओडब्लू की टीम भी कर रही है। ईओडब्लू ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है। उसके मुताबिक, नकली होलोग्रॉम आने के पूर्व वर्ष 2021 तक हर महीने दो सौ ट्रक अन-अकाउंटेड शराब दुकानों के माध्यम से बेची जा रही थी। नकली होलोग्रॉम आने के बाद अन-अकाउंटेड शराब दो की जगह चार सौ पेटी खपाई जाने लगी।

## फ्रेंचायजी देने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** मेडिकल रिप्रजेंटेटिव फ्रेंचायजी खुलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी सुरेश कुंती सिंह उर्फ सुरेश कुमार सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी यू- ट्यूब पर विज्ञापन देकर लोगों को अपने झांसे में लेते थे। आरोपी ने पंडरी में रहने वाले कारोबारी से साढ़े 14 लाख रुपए की ठगी की थी। प्रार्थी राजन असपिलिया ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने मॉडल सेंटर खोलने के नाम पर पहले 6 लाख फिर अलग-अलग किस्तों में कुल रकम प्राप्त की थी। आरोपी के खिलाफ पंडरी पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।



## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### माता शाकंभरी मंदिर के लिए किया भूमिपूजन

**अभनपुर।** कोसरिया मरार पटेल समाज सातपारा के सामाजिक भवन परिसर मे शांकम्भरी माता मंदिर निर्माण हेतू भूमि पूजन किया गया। सामाजिकजनो ने बताया कि ईष्ट देवी की मंदिर निर्माण से समाज मे सकारात्मक उर्जा का संचार होगा और आध्यात्मिक रूप से लाभ होगा। इस अवसर पर बुधारू पटेल, शंकर पटेल,खोमन पटेल,जगदीश पटेल,गीतेश्वर पटेल,नरेन्द्र पटेल,खेमराज पटेल,पोषण पटेल उपस्थित रहे।

### श्रमिक सम्मान समारोह 22 को रायपुर में होगा

**सिलयारी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया की 22 जुलाई को रायपुर मे होने वाली प्रदेश श्रमिक सम्मान समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष के मौजूदगी पर होगी। निश्चित ही इस सम्मान समारोह के माध्यम से श्रमिकों के लिए नये कार्य करने के तरीकों के साथ नये योजनाओं का क्रियान्वयन करने एक शुभ अवसर होगा जिसके माध्यम से शासन द्वारा दिये गये योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने का एक मात्र उद्देश्य होगा। ताकि श्रमिकों को शासन के योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह।

### होटल और ढाबों में खुलेआम शराबखोरी पर कार्रवाई नहीं

**तिल्दा नेवरा।** शहर व आसपास के गांव में जमकर अवैध शराब की बिक्री हो रही है, इसके साथ ही कई स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है, तिल्दा नेवरा नगर सहित आसपास के ढाबों एवं होटलो में खुलेआम बैठाकर शराब पिलाई जा रही है लेकिन आबकारी विभाग कार्रवाई नहीं कर रही है।

सुबह से देर रात तक तिल्दा क्षेत्र में ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है, कार्रवाई के नाम पर पुलिस थोड़ी बहुत कार्रवाई करती है, लेकिन आबकारी विभाग आंख मूंदे बैठा हुआ है। शहर में ही कई स्थानों पर भारी मात्रा में अवैध शराब बेची जा रही है। साथ ही तिल्दा नेवरा ग्रामीण क्षेत्रों मे भी जमकर अवैध शराब बेची जा रही है, कई ग्रामीणों द्वारा नेवरा थाने में इसकी शिकायते भी की गई है। लेकिन कारवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र वासियों ने तत्काल इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### पीएचसी खोरपा का मानक टीम ने किया अवलोकन

**अभनपुर।** एनक्यूएएस प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक टीम ने आयुष्मान आयोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा मे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओ एवं क्रियाकलापो का अवलोकन किया। केन्द्रीय मूल्यांकनक र्ता डॉ क्रूष्णा सरण पाल व प्रतीक मोदी ने पीएससी खोरपा मे मिलने वाली 12 प्रकार की सेवाओ प्रसव, टीकारण, परिवार नियोजन व प्रजनन, संचारी रोग, मानसिक स्क्रीनिंग सहित सिक्स डिपार्टमेंट ओपीडी,आईपीडी, डिलीवरी,एनएचपी, लेबोरेट्री, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन व अन्य प्रबंधन के बारे मे गंभीरता से जांच व निरीक्षण किया और अधिकारी,कर्मचारियो को उचित दिशा निर्देश दिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य टीम ने हेल्थ सेंटर मे कार्यरत कर्मचारियो द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की।

### निधन

#### केसर नायक



**आरंग।** ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी 52 वर्षीया केसर नायक का शनिवार को निधन हो गया। वह अशोक नायक की पत्नी, विकास, वंदना वर्मा व अंजना की माता थीं। जिनका अंतिम संस्कार टेकारी स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# बालाजी मंदिर में 3 दिनी प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान कल से, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

**राम-सीता एवं लक्ष्मण की प्रतिमा को रथ में सजाकर निकाली गई शोभायात्रा**



अभनपुर स्थित श्री स्वामी बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर जीर्णोद्धार का त्रि-दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा मे भगवान रघुनाथ,माता जानकी एवं भगवान लक्ष्मण की दिव्य प्रतिमा को रथ में सजाकर शीतला मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर,भगत चौक, गुरु घासीदास चौक, विक्रम चौक,थाना चौक मे भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या मे लोगो ने भगवान का दर्शन का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त जी महाराज द्वारा शोभायात्रा मार्ग के सभी मंदिरों में देवी देवताओं को नारियल अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि अभनपुर में श्री दूधाधारी मठ द्वारा निर्मित प्राचीन बाड़ा एवं श्री स्वामी बालाजी का मंदिर है जो जर्जर हो गया था। जिसे राजेश्री महंत जी महराज द्वारा जीर्णोद्धार कर नया स्वरूप प्रदान किया गया है। उक्त मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन 16 जुलाई मंगलवार को होगा। इस दौरान महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, ट्रस्ट कमेटी सदस्य विजय पाली, रामकृष्ण पाली, सुखराम दास, मुख्तियार रामछबि दास,रमेश दास वैष्णव ,मुरारी दास वैष्णव, टिकेंद्र सिंह ठाकुर, कमल नारायण मिश्रा, श्रीकान्त दामले, पुनीत राम साहू, उत्रसेन गहिवारे, सोनजीत ध्रुव, मुन्ना बांधे, आशीष टंडन, राहुल गुप्ता, फकीर साहू,शरण साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, रामप्रिय दास, हर्ष दुबे, रतन साहू, सुनील साहू व बड़ी संख्या मे महिलाये शामिल रही।

## समस्या : दिन में स्कूल के आसपास पसरी रहती है गन्दगी

# शाम होते सांकरा स्कूल के सामने खुल जाता है मयखाना, बेजा हरकत से छात्र-छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/साकरा

ब्लाक मुख्यायल धरसींवा में शिक्षा विभाग कई घटनाओं के बाद भी सबक नही ले रहे है आलम यह है कि स्कूलों में खुद ही जिम्मेदार शिक्षक ऐसे कई हरकत किये है जो विद्यालय को शर्मसार करते आ रहे है वही पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग अपने दायित्वों को निभाने में कही न कही कोताही बरत रहे है जिसका खामयाजा यह है कि अब विद्यालय में बच्चो की छुट्टी होते ही हर शाम असामाजिक तत्वों का डेरा बन कर रह जाते है और अल सुबह स्कूल में और स्कूल के सामने शराब की खाली बोतले और गंदगी नवनिहालो की स्वागत करते है, ऐसा ही एक स्कूल है ग्राम पंचायत साकरा की जंहा गन्दगी और शराबियों की हरकतों से विद्यार्थियों को हर रोज सामना करना पड़ रहा है।

- शिक्षा और पुलिस विभाग की उदासीनता से विद्यार्थियों को हो रही परेशानी
- असामाजिकतत्व सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा रहे, बदमाशों ने बाथरूमों के दरवाजे तोड़े

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से 07 किलो मीटर दूर उद्योग नगर से घिरा हुआ गांव साकरा है जंहा सरकारी स्कूल खतरे में है, गांव के बाजार चौक स्थित शासकीय हाई स्कूल में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां शराब की बतोले, डिस्पोजल ग्लास और ताश के पत्ते पड़े दिखाई दिए, जो इस बात की गवाही दे रहे है, कि इस स्कूल के गेट और स्कूल में नशेड़ी नशा करते है और सटोरी ताश के पत्ते लेकर जुआं खेलते है। ये असामाजिक तत्व सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा रहे। हद तो तब हो गई जब इन बदमाशों ने बाथरूमों में लगे दरवाजे पर अपनी नशा को उतारते है और तोड़ देते है।






### स्कूल टाइम पर मुसीबत

शासकीय स्कूल साकरा परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। रोजाना स्कूल शुरू होने के पहले से लेकर छुट्टी होने तक युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं स्कूल की छात्राओं से छेड़छाड़ की भी कई बार शिकायते रही है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। दिनभर स्कूल के बाहर खड़े ये लोग छुट्टी होते ही परिसर में आकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने की भी कोशिश करते हैं। छात्राएं भी डर के कारण अपनी समस्या किसी से नहीं कह पाती हैं। कुछ असमाजिक तत्व लोग परिसर में आकर खड़े हो जाते हैं। छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं। डर के कारण छात्राएं चुपचाप घर पहुंच जाती हैं। छात्राओं का कहना कि दिनों दिन समस्या बढ़ती जा रही है।

### सुरक्षा के नाम पर पुलिस फिस्सडी

साकरा स्कूल में असमाजिक तत्वों का जिस तरह से डेरा लगा रहता है इसमें पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि इन पर नजर रखे ओर इस मामले में पुलिस को करना चाहिए कार्रवाई।हरकतें करने वाले बदमाशों पर लगाम नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ी घटना होने की भी आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल परिसर में आने-जाने वाले सभी लोगों पर पुलिस द्वारा नजर रखी जाना चाहिए।

### पुलिस को चिट्ठी लिखेंगे

स्कूल के आसपास असमाजिक तत्वों का डेरा है इसकी जानकारी मुझे नही है अभी जानकारी मंगवाता हु और असमाजिक तत्वों को खदेड़ने पुलिस विभाग को चिट्ठी लिखेंगे।

- **एम मिंज,** ब्लाक शिक्षा अधिकारी

### जांच कराई जाएगी

कोई सूचना नही मिली है आज ही पेट्रोलिंग वाहन भेज कर चेक करवाता हूं। असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है।

**प्रह्लाद राठौर ,** चौकी प्रभारी सिलतरा (साकरा)



## राधा-कृष्ण मंदिर में श्रावण झूला महोत्सव 7 से होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राधा-कृष्ण मंदिर ट्रस्ट कमेटी आरंग की बैठक आयोजित किया गया। ट्रस्ट के सर्वराकार सावन शुक्ला ने बताया कि श्रावण झूला महोत्सव 07 से 17 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जावेगा। इस महोत्सव के दौरान विद्वान आचार्य द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं महादेव जी रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाना है। साथ ही 07 और 08 अगस्त को रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया जावेगा। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट के तत्वाधान में संचालित विद्यालय राधा कृष्ण विद्या मंदिर के विकास और आधुनिक सुविधा से सुसज्जित करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान का निर्णय लिया गया। जिससे आरंग और आसपास के क्षेत्र के नवनिहाल न्यूनतम शुल्क पर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### सर्व यादव समाज की बैठक में जन्माष्टमी पर की चर्चा

**आरंग।** सर्वयादव समाज आरंग की बैठक अवंती बाई चौक स्थित सामाजिक भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र यादव ने की। बैठक में उपस्थित यादव समाज के प्रतिनिधियों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए एवं सर्वसम्मति से भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने एवं विशाल शोभायात्र और भंडारा आयोजन का निर्णय लिया गया। साथ ही यादव समाज को राजनीतिक दलों के द्वारा हमेशा उपेक्षा किए जाने के कारण उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने सर्वयादव समाज से आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद पद हेतु प्रत्येक वार्ड में प्रत्याशी खड़ा किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

## सृजन के स्काउट-गाइड ने किया विद्यालय परिसर में पौधारोपण



**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम की थीम को लेकर वृक्षारोपण का आयोजन किया। जो कि जिला अध्यक्ष जी. स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला के मंशानुसार एवं जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार खंडेलवाल तथा सहायक जिला आयुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग एन.पी. कुर्रे के निर्देशन व विकासखंड सचिव रोहित वर्मा के नेतृत्व में नीम, आंवला व जामुन के वृक्षों का रोपण कर उनको बड़ा होने तक संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर ने कहा कि दिन प्रतिदिन धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो लोगों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। इससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा हमारे सिर पर मंडरा रहा है, ऐसी परिस्थितियों में सिर्फ और सिर्फ हम इनका समाधान केवल वृक्षारोपण के कारगार उपाय से ही कर सकते हैं। जितनी अधिक मात्र में वृक्षारोपण होगा उतना ही वातावरण में संतुलन बना रहेगा। इसलिए सभी को वृक्षारोपण आवश्यक रूप से करना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि वृक्षों को लगाने से वातावरण साफ, हवाएं स्वच्छ रहती है सिर्फ लगाना ही काफी नहीं है,, उन वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है जिनका रोपण किया गया हो। सिर्फ हम जो लगाएं हैं उनका ही नहीं बल्कि दूसरे भी लगाएं हैं उनका भी रख रखाव करना हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी वृक्षारोपण के साथ–साथ उनका रख–रखाव करें तो जल्द की हमारी पृथ्वी हराभरा हो जाएगा और हम बढ़ते हुए तापमान से निपटने में सफल हो पाँगे।

## क्रांति सेना व जोहार पार्टी ने किया पौधारोपण



**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अउ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सेनानी द्वारा तिल्दा नेवरा मे पेड़ लगाओ छत्तीसगढ़ महतारी के अचरा सिरजाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेनानीयो द्वारा फलदार और छायादार पौधे का वृक्षारोपण किया गया , सदस्यो का कहना है कि छतीसगढ़ मे हसदेव जंगल कि कटाई पिछले कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा लगातार किया जा रहा , वहाँ के जींव जंतू औषधी पेड़ पौधो का जीवन विनाश किया जा रहा है , जीससे मानव जीवन प्रभावित हो रहा है, और सभी लोगों से पेड़ लगाने कि अपील किया गया। इस मौके पर महेश साहु, प्रदीप साहू ,दीपक वर्मा, तेजराम देवांगन, अविनाश साहू , अश्वनी यादव ,दीपक वर्मा , हेमंत वर्मा , राकेश साहू,गुहान वर्मा उपस्थित थे।

## गिरौद स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया व किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



धरसीवां ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गिरौद में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के माथे पर चंदन रोली से तिलक करके आरती उतार मुंह मीठा कराके कक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया एवं उन्हें पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा उपलब्ध कराया गए पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा थे । इस दौरान कहा कि विद्यालय के बच्चे ही देश के आने वाले भविष्य है । इन्हीं बच्चों में कोई कलेक्टर बनेगा तो कोई डॉक्टर बन कर लोगों का इलाज करेगा

कार्यक्रम हाईस्कूल के शाला समिति के अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में संकुल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था । कार्यक्रम के दौरान शाला कैंपेस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को कॉपी पुस्तक भी वितरण किया इसके अलावा बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्नप्राशन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, विधायक प्रतिनिधि भागवत वर्मा, हाई स्कूल के अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा , सरपंच शांति वर्मा , मनटोरा साहू , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रुक्मणी शिवारे , भरत सोनी , अमरीका वर्मा, पुरषोत्तम साहू , अर्जुन साहू , रामेश्वर वर्मा , हिमांशु वर्मा , रवि वर्मा , अजित, कुलदीप वर्मा , किशोर वर्मा , कौशल साहू, संकुल शाला के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## धर्म परिषद ने पौधारोपण किया, रक्षा की ली शपथ

**आरंग।** मानव के स्वार्थी प्रवृति के चलते पर्यावरण संकट समूचे मानव समाज के लिए गंभीर समस्या है। प्रकृति की रक्षा से ही जीवन की रक्षा संभव है, मानव द्वारा प्रकृति का मनमाना दोहन चिंता का विषय है। सनातन धर्म परिषद द्वारा रविवार को एक पेड़ मां के नाम की थीम पर सत्यम वाटिका ग्राम कुकरा में पर्यावरण जागरुकता हेतु नारियल, आवला, चंपा, कनेर, अशोक आदि पौधे का रोपण कर रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर परिषद के अरुण साहू, फागेश्वर साहू, सत्यम दीवान, गणेश मानिकपुरी, सीमा निषाद, किरण दीवान, ताषु निषाद, पं. छत्रधर दीवान आदि उपस्थित थे।



## युवा मंच का पौधारोपण व स्वास्थ्य शिविर आज

अभनपुर। युवा मंच अभनपुर मंडल के तत्वाधान मे ग्राम आलेखुंटा मे वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं वार्षिक युवा सम्मेलन का आयोजन 15 जुलाई मंगलवार को रखा गया है। युवा मंच अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने बताया कि युवा सम्मेलन मे मुख्य अतिथि वन व जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा अतिविशिष्ट अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू व कई जनप्रतिनिधियो सहित सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

## पुलिस और राजस्व टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

# उरला व खमतराई में दबिश, दुपहिया समेत 7 लाख का अवैध कबाड़ सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/ सांकरा

सिलतरा और उरला क्षेत्र में बरसों से कबाड़ का बड़ा खेल खुलेआम चल रहा है इस बीच एक सुखद खबर आई है कि धरसींवा तहसीलदार और रायपुर पुलिस राजस्व विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों ने राजधानी रायपुर से लगे ओद्योगिक क्षेत्र उरला, खमतराई इलाके में कबाड़ियों के अवैध यार्डों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की। इस दौरान संयुक्त टीम के सदस्यों ने लगभग साढ़े सात लाख का अवैध कबाड़ा व पुराने दुपहिया वाहन भी जप्त किये और आधा दर्जन अवैध यार्डों को सील किया।

बता दे कि चार दिन पूर्व ही सिलतरा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर संचालित सलीम कबाड़ी के ठिकाने को अतिक्रमण मुक्त करने के बाद इस बात की तहकीकात में पुलिस जुटी है कि कहीं यह अवैध कबाड़ की आड़ में गौ तस्करी का अड्डा तो नहीं था। सिलतरा में सलीम कबाड़ी के अवैध यार्ड को तहस नहस करने के बाद अब पुलिस प्रशासन कबाड़ ओर कबाड़ की आड़ में अवैध कार्य करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रहा है।





कलेक्टर डॉ गौरव सिंह व एसपी के निर्देशन व मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमो की ताबड़तोड़ कार्यवाही से कबाड़ियों में हड़कंप मचा है।संयुक्त टीमो ने जिन कबाड़ियों पर कार्यवाही की उनमे थाना उरला व खमतराई क्षेत्रान्तर्गत अजीमुद्दीन कुरैशी पिता स्व. रियाजुद्दीन कुरैशी रमन शाह आशिफ रफीक शहबान बिलाल शाहिद खान उस्मान व नईम खान सम्मिलित था।

### कार्रवाई होगी

सिलतरा और आसपास के भी सरकारी जमीन पर गैर कानूनी कार्य करने वालो पर राजस्व विभाग अपनी नजर बनाए हुए है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्यवाही निश्चित होगी।

- **जयेन्द्र सिंह,** तहसीलदार धरसींवा


## गायत्री शक्तिपीठ की गोष्ठी में महायज्ञ पर विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गायत्री शक्तिपीठ आरंग में रविवार को ब्लाक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ गायत्री मंत्रेच्चार से करते हुए गायत्री परिवार से जुडे उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों ने अनेक बिन्दुओं पर अपना–अपना विचार रखा। वहीं फरवरी 2025 में आरंग में ब्लाक स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ करने संबंधी गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमति लेने पर सहमति बनी।

साथ ही गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रें को सम्मिलित कराने तथा 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में वृहत रूप से वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहर्ष सहमति प्रदान किये। गोष्ठी का समापन शांति पाठ से किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक जगमोहन चंद्राकर, व्यवस्थापक पवन साहू, रामानुज हिरवानी, लेखराम चंद्राकार, कृष्ण कुमार साहू, गेंदलाल साहू, भगवती यादव, सुशील त्रिपाठी, विनोद गुप्ता, सदाराम जलक्षत्री, गोपाल चंद्राकर, सुखदेव बेलगहे, ममता नामदेव, ओमप्रकाश साहू, महेन्द्र कुमार पटेल, संध्या चंद्राकर, बिना तंबोली, खेमू राम निर्मलकर, गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक दुकालू राम जायसवाल आदि की उपस्थिति व सहभागिता रही।



# चकल्लस

## बीमा कंपनियों की फसल

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक मानसून की बारिश एक चौथाई भी नहीं हो पाई है। अधिकांश किसान खेतों में धान नहीं लगा पाए हैं। जिन किसानों ने रोपा लगाया है, वे बुआई भी नहीं कर पाए हैं। लेकिन ऐसे सभी किसानों की जेब से बीमा का पैसा बीमा कंपनियों के पास जाना शुरू हो गया है। दरअसल जो किसान बीज, खाद या नकद के रूप में कर्ज लेते हैं, उनकी फसलों का बीमा अपने आप ऋणी किसान के रूप में कर लिया जाता है। लिहाजा हालत ये है कि किसानों की फसल लग नहीं पाई है और बीमा कंपनियों के धंधे की फसल लहलहाने लगी है।

## अंग्रेजी का दर्द, पटवारियों के सिर

तेजी से बदल रही तकनीक की वजह से अब बहुत से सरकारी कामकाज ऑनलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं। मोटे तौर पर देखा जाए तो यह व्यवस्था साफ-सुथरी और पारदर्शी लगती है, लेकिन इस नई व्यवस्था के कारण नए किस्म की परेशानियां भी सामने आ रही हैं। हाल ही में रजिस्ट्री का पूरा सिस्टम ऑनलाइन किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए मामला पटवारी-आरआई की आईडी में आता है। इसमें बेचने-खरीदने वालों का पूरा ब्योरा अंग्रेजी में होता है। यहां तक तो ठीक है, लेकिन पटवारियों को यही जानकारी अपने रिकार्ड में हिंदी में दर्ज करनी पड़ रही है। एक पटवारी ने बताया कि यह सारे पटवारियों की परेशानी है। लिखने-पढ़ने में गलती हुई तो सारी जिम्मेदारी पटवारी के सिर आती है।

## दक्षिण का उत्तर जैसा हाल

अब तक रायपुर की उत्तर विधानसभा को गरीब की भौजाई कहा जाता था। वजह भी थी...पश्चिम में मूणत और विकास, दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल और उनके सामने चुनाव लड़ने की हिम्मत करने वाले कांग्रेसी



कम। ग्रामीण में सत्यनारायण शर्मा और भाजपा से दो-तीन। लेकिन उत्तर...वहां से दर्जनों दावेदार दोनों पार्टियों से होते थे। लेकिन अब वही हाल दक्षिण का हो गया है। बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद भाजपा से कम से कम दर्जनभर लोग दावेदारी कर रहे रहे हैं। दूसरी और तीसरी लाइन के नेताओं की उम्मीदें जाग गई हैं। सरकार है तो जीतने की गुंजाइश भी ज्यादा है। बदले हालात में दक्षिण विधानसभा गरीब की भौजाई बन गई है।

## आंदोलन के हकदार

रायपुर के शारदा चौक चौड़ीकरण को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। शहर में भाजपा विपक्ष में है। प्रदेश में कांग्रेस। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन मजेदार पहलू यह है कि बीते पांच साल शहर और प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता रही। तब कुछ खास हुआ नहीं। अब सरकार चली गई है तो शहरी सरकार के साहब सड़क पर उतर आए हैं। हमें चाहिए जाम से आजादी स्टाइल में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। खबरी ने पूछा-जब अपनी सरकार थी तब क्यों नहीं किया आंदोलन? साहब ने साफगोई से कहा-अपनी सरकार के खिलाफ आंदोलन कौन करता है?

## खौफ खाने नहीं, खौफ पैदा करने की जरूरत

इसी कॉलम में हमने सालभर पहले चेताया था। कहा था कि अगर अपराधियों में पुलिस और प्रशासन ने खौफ पैदा नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब वे घर में घुसकर मारेंगे। देखिए ऐसा हो गया। गुंडों का



दुस्साहस देखिए कि वसूली के लिए गोली भी मार रहे हैं और सोशल मीडिया पर धमका भी रहे हैं कि बिना पैसा दिए कारोबारियों को काम नहीं करने देंगे। छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश के लिए यह बेहद चिंताजनक मामला है। बंदमाशों ने इस प्रदेश को साफ्ट स्टेट समझ लिया है। अभी भी वक्त है...खौफ खाने की नहीं, खौफ पैदा करने की जरूरत है। इतना खौफ कि अपराधी छत्तीसगढ़ में कदम रखने से पहले सौ बार सोचे। खौफ महसूस करे कि छत्तीसगढ़ गए तो जिंदा नहीं लौटेंगे।

## वाह गुरु...

कृषि विवि में छात्रों को खेती करना छोड़कर बाकी सबकुछ सिखाया जा रहा है। क्या हुआ कि बीते दिनों सत्ताधारी पार्टी के छात्रनेताओं ने अपने संगठन की वर्षगांठ मनाई। यहां मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विवि के ही एक बड़े अधिकारी को बुला लिया गया। अब यहां तक तो ठीक था। अधिकारी पहुंचे काफी देर से। इसके बाद साहब ने मंच साझा करने से इनकार कर दिया। फिर क्या था? दोनों पक्षों में जमकर तनातनी हो गई। जैसे-तैसे मामला शांत करवाया गया। एक पक्ष तो इस बात से भी नाराज रहा कि आखिर क्यों किसी संगठन विशेष के कार्यक्रम के लिए परिसर का हॉल किराए पर दे दिया गया। मामला तूल पकड़ता इससे पहले वे आपस में ही लड़ बैठे।

## पता नहीं मिल रहा

रविवि में बीते दिनों कैंटीन के लिए टेंडर हुआ। जिनका नाम फाइनल हुआ वे भी तय वक्त पर अनुबंध नहीं कर पाए। वैसे सूत्र बताते हैं कि



उन्हें अनुबंध करने ही नहीं दिया गया। क्या है कि अनुबंध होने के पहले ही फर्म का नाम एक घोटाले में सामने आ गया था। ये तो पुरानी कथा हुई। आप नया सुनिए। टेंडर के दौरान जिन दो अन्य ने आवेदन भरा था, उनका पता ढूंढे नहीं मिल रहा है। क्या है कि कम से कम तीन फर्म का आवेदन करना अनिवार्य होता है। इसके बाद ही टेंडर मान्य होत है। अब किसी ने आवेदन नहीं किया तो क्या हुआ? फर्जी पते पर कंपनी तो बना ही सकते हैं।

## दीपक जलेगा जोर से

बहुत सारे सियासी पंडितों की भविष्यवाणी थी कि कांग्रेस का दीपक फड़फड़ा रहा है और कभी भी बुझ जाएगा। मतलब चलाचली की बेला है। कई नए चेहरों की चर्चा भी चल पड़ी थी कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का नया साहब यह होगा। लेकिन खबरी की खबर कुछ और ही है। खबरी बता रहा था कि दीपक तो विरोधियों को ही निपटाने की तैयारी में हैं। कभी भी संगठन में बदलाव कर दिया जाएगा। ऐसे लोगों को निशाने पर लिया जा रहा है जो चुनौती दे रहे थे या जो किसी और के प्रति निष्ठावान हैं। चुन-चुनकर निपटाने की तैयारी चल रही है। और कुछ दिग्गज नेताओं का साथ उन्हें मिल रहा है।

## कहीं साजिश तो नहीं ...

राजस्व विभाग में एक के बाद एक संघ हड़ताल की राह पकड़ने लगी है। किसानों और आम लोगों को जमीन से जुड़े मामले के वर्षों तक लंबित रहने के सुधार के लिए पखवाड़ा शुरू होने से पहले विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले महकमे ने काम बंद कर दिया। उसके बाद अचानक उनके ओहदेदार अफसरों ने वही राह पकड़ ली। गांवों में लगने वाले शिविर में जाने आरआई ने भी सुरक्षा के नाम पर सचिव को लिख दिया कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे भी हड़ताल का रूख कर सकते हैं। एक के बाद राजस्व अमले के इस बर्ताव को लेकर अब यह कहा जाने लगा है कि कहीं यह साजिश का हिस्सा तो नहीं? सरकार में नए लोगों को पद बंटने हैं, उसके पहले ही माननीय की छवि धूमिल करने का नया शिगूफा तो नहीं?

## मितानिन का चक्कर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य में सेवा देने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को इन दिनों वेतन के लाले पड़ गए हैं। पिछले माह किए गए कार्यों का पारिश्रमिक अब तक उनके खाते में नहीं आया है। इस बात को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। विभाग में अच्छी पकड़ रखने वाले एक विभागीय अधिकारी का कहना है कि वेतन में देरी की वजह पिछले दिनों भव्य आयोजन में बटन दबाकर मितानिनों के खाते में दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि है। आयोजन की तैयारियों के चक्कर में मामला लेट हो गया।

## यहां 'हरिराम' कौन...

स्वास्थ्य विभाग में होने वाली गतिविधि और उससे संबंधित खबरें मीडिया तक पहुंचने के मामले में कड़ी निगरानी की जा रही है। पिछले दिनों



जिलास्तर पर स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा के दौरान सामने आई नाराजगी की खबर बैठक से बाहर निकलकर मीडिया तक पहुंच गई। विभाग की बदनामी का मामला मानकर अफसर गंभीर हो गए और खबर लीक करने वाले 'हरिराम' का पता लगाने कइयों से स्पष्टीकरण तक मांग डाला। लेकिन साहब, कीचड़ पर चादर डालने से बदबू खत्म नहीं होती। हरिराम को तलाश करने की जगह, खुद को दुरुस्त कीजिए। वही ठीक रास्ता है।

जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा

# हंगामेदार होगा मानसून सत्र, सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी में विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। 5 दिनों तक चलने वाले इस सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विपक्ष सत्तापक्ष को घेरने के लिए कई मुद्दों को उठाने की कोशिश में है। वहीं सत्तापक्ष के विधायकों ने भी अपनी ही सरकार के लिए कई सवाल लगाए हैं। सत्र में कुल पांच बैठकें होनी हैं, इसके लिए विधायकों ने सवालों की झड़ी लगाई है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने 965 सवाल लगाए हैं, इस बार सत्र हंगामेदार रहेगा। विधानसभा सत्र में विपक्ष के पास इस बार मुद्दों की कमी नहीं है।

## पलटवार के लिए सत्तापक्ष भी तैयार, विपक्ष और सत्तापक्ष ने लगाए हैं 965 सवाल

### सत्तापक्ष ने भी की तैयारी

दूसरी तरफ सत्तापक्ष ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। बलौदाबाजार हिंसा में बीजेपी और कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सत्तापक्ष पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के जरिए विपक्ष पर हमले की रणनीति बना रहा है। माना जा रहा है कि यह सत्र हंगामेदार हो सकता है। इस सत्र में सत्तापक्ष के साथ-साथ विपक्ष के लिए भी चुनौतियां हैं।



### सवाल पूछने में बीजेपी विधायक आगे

नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा में सवाल पूछने में बीजेपी के विधायक आगे हैं। पिछले विधानसभा सत्र में बीजेपी के 12 से अधिक विधायकों ने करीब 76-76 सवाल किए थे। सबसे ज्यादा सवाल पूछने वाले विधायकों में धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, पुन्नूलाल मोहले, भोलाराम साहू समेत अन्य विधायक थे।

बलौदाबाजार हिंसा के साथ-साथ विपक्ष अवैध शराब की बिक्री, खाद-बीज की कमी, कानून अव्यवस्था, बिजली के दाम में वृद्धि और बिजली कटौती, बैगा जनजातियों की डायरिया से मौत, गो-तस्करी, आदिवासी छात्रावासों में गड़बड़ी, जर्जर स्कूल भवन, धान खरीदी केंद्रों में गबन के मामले, राशन सामग्री वितरण में गड़बड़ी और नक्सली हिंसा जैसे मुद्दों पर घेरने की रणनीति बना रहा है। पिछले सत्र में सरकार ने कई मामलों में जांच की घोषणा की थी, उन जांच रिपोर्ट को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमलावर हो सकता है। सत्र के दौरान विपक्ष ने कानून व्यवस्था और अन्य मामलों को लेकर विधानसभा घेराव की रणनीति तैयार की है।

## अब तक 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई गई हैं विभिन्न फसलें

# आषाढ़ ने दिया धोखा, किसानों को अब सावन का इंतजार, खरीफ फसलों की बोनी धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में खेती-किसानी की तैयारी मानसून की पहली फुहार के साथ शुरू हो गई है। किसानों को आषाढ़ माह में अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें धोखा मिला। उन्होंने अपने तैयार खेतों में फसल के बीज नहीं बोए। अब किसानों को सावन की मानसूनी बारिश का इंतजार है, उसके बाद बोनी की रफ्तार बढ़ेगी। लगभग 20 से अधिक जिलों में कम बारिश के चलते बोनी प्रभावित हुई है। वहीं कई जिलों में बारिश के बाद राज्य में अब तक 25.02 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में अब तक 248.50 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ के लिए प्रदेश में धान की बोनी लगभग 21 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गई है। किसानों ने खुर्रा बोनी के तहत 19 लाख हेक्टेयर में बोनी की है। वहीं जिन जिलों में बारिश अच्छी है, वहां पर 1.32 लाख हेक्टयर में रोपा पद्धति से बोनी की गई है। मक्का की फसल की बोनी लगभग 9.66 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। अरहर की फसल 2.77 लाख हेक्टेयर में बोई जा चुकी है। सोयाबीन की फसल की बोनी 2.60 लाख हेक्टेयर में हो गई है। मूंगफली की बोनी 1.50 लाख हेक्टेयर में हो गई है। ऐसे जिले, जहां सिंचाई के साधन बेहतर हैं, वहां बोनी में तेजी देखी गई है। वहीं कई मैदानी जिलों में किसान अच्छी बारिश के इंतजार में अभी भी बोनी शुरू नहीं किए हैं।



### बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

*प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष-2024 के क्रियान्वयन के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। योजना में धान सिंचित, धान असिंचित फसलों, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर/तुअर, रागी एवं सोयाबीन को शामिल किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि अपना आधारकार्ड खरीफ वर्ष के लिए 31 जुलाई से पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।*

### पौने 12 लाख किसानों ने लिया ऋण

*किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 11.74 लाख किसानों को राज्य सहकारी बैंकों द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5250 करोड़ रुपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य के लगभग 72 प्रतिशत है।*

### खाद-बीज का वितरण 80 फीसदी

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 9.78 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 9.04 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 7.85 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 13.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 12.80 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है, इसके विरुद्ध 8.61 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है।

# विधायक ने बच्चों को नशे के विरुद्ध दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस व संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनओडीसी द्वारा निजात अभियान के तहत नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन लोगों, युवाओं व बच्चों के बीच जाकर नशे के दुष्परिणाम पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जिले के विभिन्न एनजीओ व लगभग 1200 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच नशे विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि नशा किस प्रकार परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि कैसे किसी परिवार में बच्चे की स्कूल की फीस के लिए पैसे नहीं होते, लेकिन नशे के लिए कहीं से भी व्यक्ति पैसों का इंतजाम कर लेता है और ऐसा परिवार धीरे धीरे विघटित हो जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने जीवन में नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता देवांगन ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, कीर्तन राठौर, दौलतराम पोर्ते, सीएसपीअमन झा, कर्ण उके, राजेश देवांगन, केसरी नायक सहित पुलिस स्टाफ, नागरिक व हजारों स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। निरीक्षक रोहित मालेकर, सुरेंद्र श्रीवास्तव, टिकरापारा पुलिस स्टाफ के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# शहर में कवर्ड ड्रैनेज सिस्टम की जरूरत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने रायपुर शहर में कवर्ड ड्रेनेज नेटवर्क को जरूरी बताया है। 16वें वित्त आयोग की टीम के समक्ष अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि शहर में ओपन ड्रेनेज सिस्टम होने से नालियों में गंदगी, मच्छर और बारिश के सीजन में नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर शहर की सड़कों पर बहने से खासी परेशानी उठानी पड़ती है। गत दिनों रायपुर प्रवास पर रही वित्त आयोग की टीम के समक्ष नेता प्रतिपक्ष ने बिंदुवार सुझाव दिए।

- रायपुर नगर निगम को अनटाइड एवं टाइड फंड का प्रतिशत 60 अनुपात 40 में करने संबंधी सुझाव।
- शहर में निर्मित 210 एमएलडी के एसटीपी में होने वाले दूषित जल के लिए कवर्ड सीवेज नेटवर्क स्थापित करने राशि उपलब्ध कराई जाए।
- नगर निगम रायपुर को विभिन्न विद्युत व्यवस्था संचालन के लिए प्रतिमाह करीब 8 करोड़ 10 लाख का विद्युत देयक भुगतान करना होता है, ऐसे में 25 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल की राशि में बचत की जा सकती है। सोलर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाए। इसके लिए 16वें वित्त आयोग से 100 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाए।
- अर्बन हीट आयलैंड कॉन्सेप्ट के तहत तैयार की गई परियोजना के लिए करीब 100 करोड़ की राशि की मांग।

वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और उनकी टीम ने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे द्वारा दिए गए सुझाव और आग्रह को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसव राजू एस., संचालक कुंदन कुमार, अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पांडे उपस्थित थे।

## सड़क चौड़ीकरण के नाम पर राजनीतिक नौटंकी कर रहे महापौर

रायपुर। भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने महापौर से पूछा कि जब मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल और निगम की परिषद ने तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया तो फिर अब तक सड़क निर्माण का काम प्रारंभ क्यों नहीं हुआ? शहर की जनता जानना चाहती है। सड़क चौड़ीकरण के लिए टेंडर कब हुआ? सड़क निर्माण का टेंडर किस एजेंसी को मिला? छत्तीसगढ़ शासन के लोकनिर्माण विभाग और वित्त विभाग से सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति कब प्राप्त हुई? वर्तमान में तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए दोनों ओर से कितने मकान मालिकों-व्यवसायियों की कितनी जमीन अधिग्रहित कर उन भू-स्वामियों को कितना मुआवजा देना होगा, उसकी अंतिम सूची कहां है? इस सभी बिंदुओं पर विचार कर अंतिम निर्णय लेने के बाद ही तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति देकर उसका भूमिपूजन किया होगा तो फिर सड़क चौड़ीकरण का काम प्रारंभ हो जाना चाहिए था।

# मुख्यमंत्री ने कहा- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जीवन रक्षक दवाओं का करें पर्याप्त भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा, प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में मलेरिया, डायरिया, जलजनित बीमारी सहित मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर त्वरित रूप से स्वास्थ्य अमला शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गत दिवस कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल, सोनवाही का भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने ग्राम सोनवाही पहुंचकर ग्रामीणों सहित डायरिया पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की और राज्य शासन से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उप मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया, उल्टी-दस्त और जलजनित बीमारियों का संक्रमण न हो, इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

- **मलेरिया, डायरिया, जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाएं स्वास्थ्य शिविर**

### चलाएं जागरूकता अभियान : शर्मा



डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कलेक्टर को वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सुदूर वनांचल क्षेत्र चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल के शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन डीएमएफ मद से शीघ्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल के सभी गांवों में स्वास्थ्य शिविर, जलस्त्रोतो का क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए।

# नेशनल लोक अदालत में 8 लाख से ज्यादा मामलों का निराकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर के न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 7 लाख 66 हजार 639 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 65 हजार 139 लंबित मामलों को मिलाकर कुल 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 230 करोड़ 9 लाख 55 हजार 219 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिलों एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया।

### सुलझा पति-पत्नी का विवाद, एकसाथ रहने को तैयार

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित करें। वर्चुअल मोड में निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय रायगढ़ के एक प्रकरण में जहां एक उम्रदराज पति-पत्नी के मध्य घरेलू हिंसा का विवाद था और वे अलग अलग रह रहे थे और लोक अदालत के दौरान उनका समझौता हुआ तथा वे एक साथ रहने के लिये तैयार हो गए।

# मतदाताओं का अभिनंदन कर रही भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रमों का रविवार को आगाज किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में शिरकत की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित के जो भी कार्य हैं, किए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। मुख्यमंत्री ने दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल के भवन और दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, शारदा धाम के लिए जमीन, एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की।

### सांसद-विधायकों ने किया अभिनंदन

*रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा, आपके आशीर्वाद से सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नही, पूरे देश में हमारी सरकार बनी है। खुशी की बात है कि आप सभी के स्वागत, अभिनंदन का मौका मिला है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, परिश्रम से हम आगे के सभी चुनावों में भी जीत हासिल करेंगे। सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं का अभिनंदन है।*

### भाटापारा में अभिनंदन समारोह

*भाटापारा विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन गोदड़ीधाम रेलवे अंडरब्रिज के पास किया गया। केंद्र में फिर से सरकार बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियां, संकल्प पत्र, विकसित भारत के विषय एवं प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित विकास कार्यों की जानकारी दी गई।*

## खबर संक्षेप



### महंत हरिदास त्यागी की मनाई पुण्यतिथि, भंडारा भी

रायपुर। श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर मंदिर के सामने रविवार को महंत हरिदास त्यागी की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों के पुजारी, साधु-संत एवं ब्राह्मण शामिल हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के बाद महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें राहगीरों और श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। साथ ही विरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास गोपाल, महंत गोपाल शरण दास एवं नया मंदिर के अजय तिवारी, राम मंदिर के राघवेंद्र शास्त्री एवं अन्य मंदिर के पुजारी, ब्राह्मणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति के अनिल अग्रवाल, नानक पांडे, प्रशांत पांडे, इंद्रजीत सोनी, कामेश तिवारी, कृष्णा बिहारी अग्रवाल एवं अन्य सभी सेवकों का सहयोग रहा।

### शिवसेना उद्धव गुट ने मनाया स्थापना दिवस



रायपुर। छत्तीसगढ़ शिवसेना (उद्धव गुट) के पदाधिकारियों ने शिवसेना कार्यालय में 41वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव एचएन सिंह पालीवार ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर संगठन बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी प्रत्याशी उतारने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम में सुनील कुकरेजा, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, सुरेश तिवारी, आनंद तिवारी, मुरारी सोनी, प्रकाश यादव, घनश्याम यादव, मोहित सिन्हा, साई प्रजापति, धनंजय गोयल, पप्पू विश्वकर्मा, शिवराम साहू, हरीश साहू, राजेंद्र निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू, जिगर प्रजापति, नीरज भोई आदि उपस्थित रहे।

### 100 से अधिक फलदार पौधे रोपे


रायपुर। दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वॉलफोर्ट सिटी वर्किंग कमेटी भाठागांव द्वारा रविवार को पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया। इसके बाद कमेटी के कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक छायादार और फलदार पेड़ लगाए। सघन पौधारोपण कार्यक्रम में कमेटी के राकेश अग्रवाल, पन्नालाल, एसएल अग्रवाल, राजेश जैन, आनंद चौधरी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सुनील जौहरी, मूलचंद लाहोटी, अजय मालू, डॉ. जसवंत जैन, संदीप अग्रवाल, पवन बंसल आदि शामिल थे।

### फिल्म चंदा मामा का टीजर आज होगा रिलीज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के फिल्ममेकर मोहित कुमार साहू की कंपनी एन. माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदा मामा 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इसके पहले फिल्म का टीजर 15 जुलाई को एन. माही फिल्म प्रोडक्शन के यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। इस फिल्म में मुख्य किरदार दिलेश साहू, दिव्या वर्मा, मास्टर अंश और जीत शर्मा ने निभाई है।

## निधन

### टीकमदास थौरानी



रायपुर। वल्लभनगर प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी टीकम दास थौरानी (87) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुशील, अनिल, उमेश, विनोद थौरानी के पिता थे।

### रूपादेवी आसोपा



रायपुर। डोंगरगढ़ निवासी रूपादेवी आसोपा का 13 जुलाई को रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया । वे सूरज कुमार आसोपा की माता थीं।

### प्रताप सिंह ठाकुर

रायपुर। होलीक्रॉस स्कूल के पास पेंशनबाड़ा निवासी प्रताप सिंह ठाकुर का 14 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 जुलाई को निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रभात सिंह ठाकुर व प्रशांत सिंह ठाकुर के भाई तथा पर्व, लवी एवं श्लोक के बड़े पिता थे।

# प्लास्टिक सर्जरी लौटा रही बच्चों की मुस्कान डीकेएस में हर महीने आधा दर्जन ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे आज

जन्मजात कटे-फटे होंठ और तालू के साथ जन्मे बच्चों की मुस्कान प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से लौटाई जा रही है। इसके लिए डीके अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में हर महीने आधा दर्जन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसके अलावा किसी हादसे में मिले जख्म अथवा अलग हो चुके अंगों को जोड़कर मरीजों की जान भी बचाई जा रही है।

चिकित्सकों के अनुसार अस्पतालों के ज्यादातर विभागों में होने वाली सर्जरी के बारे में लोगों को आसानी समझ आ जाता है, मगर प्लास्टिक सर्जरी ऐसा विभाग है, जिसके बारे में लोगों को कम ही जानकारी होती है। आम लोगों को इस विभाग के माध्यम से दी जाने वाली सुविधा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे मनाया जाता है। यह विभाग ऐसा है, जहां किसी वजह से खराब हो चुके शरीर के हिस्से को निकालकर उसका पुनर्निर्माण किया जाता है। डीके अस्पताल में संचालित बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सक भी इसी प्रयास में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा हर महीने दस से ज्यादा मरीजों की कटे होंठ, फटे तालू और कान की प्लास्टिक सर्जरी कर राहत प्रदान की जा रही है। इसके अलावा किसी बुरे हादसे में आए चेहरे के फ्रैक्चर सहित अन्य विकृतियों और कट चुके अंग को वापस जोड़कर लोगों को राहत दिलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ के अलावा यूपी, बिहार, झारखंड और ओडिशा के मरीज भी यहां ऑपरेशन के जरिए राहत पा चुके हैं।

## ओडिशा, झारखंड, यूपी, बिहार के मरीजों को भी मिल रहा लाभ

### हर महीने सौ ऑपरेशन

डीके अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंचते हैं। साथ ही यहां हर महीने सौ मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। यहां डॉ. दक्षेश शाह, डॉ. कृष्णकांत ध्रुव, डॉ. वी. दयाल तथा डॉ. एन. खूबचंदानी काम कर रहे हैं। प्लास्टिक सर्जरी के इस विभाग में हर वर्ष 10 हजार से ज्यादा लोग बाह्य रोग विभाग में अपना इलाज करा रहे हैं और प्रतिवर्ष करीब 4000 लोगों का ऑपरेशन किया जा रहा है। जेएन मेडिकल कॉलेज एवं डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में वर्ष 2005 से प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा मिल रही है और यहां एमसीएच कोर्स का संचालन भी किया जा रहा है।




### शासकीय स्तर पर एकमात्र स्किन बैंक

शासकीय स्तर पर डीके अस्पताल में एकमात्र स्किन बैंक का संचालन हो रहा है, जहां अब तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा परिवारों ने अपने रिश्तेदारों की त्वचा दान में दी है। इसके माध्यम से कई बार गंभीर मरीजों की सर्जरी कर लोगों की जान बचाई गई है। दान में मिली त्वचा का 60 प्रतिशत से अधिक उपयोग बर्न विभाग में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए किया जाता है। यहां कॉस्मेटिक सर्जरी, जिसमें चेहरे, नाक, बाल, स्तन एवं अनचाही चर्बी के इलाज की भी मरीजों को सुविधा मिल रही है।

## भटक रहे हितग्राही, जोन से लेकर पार्षद कार्यालय तक लगा रहे चक्कर

# नए राशनकार्ड का कहीं कवर नहीं आया तो कहीं महीनेभर से पीडीएफ लिस्ट का लोचा

### 28 जून से खाद्य विभाग की साइट बंद, नवीनीकरण नाम जोड़ने का काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नए राशनकार्ड के लिए शहरवासियों को जोन से लेकर पार्षद कार्यालय तक भटकना पड़ रहा है। कुछ जगहों पर नए राशनकार्ड के पीडीएफ सूची खाद्य विभाग ने भेज तो दी है, पर उसका कवर नहीं भेजा। कुछ वार्ड ऐसे भी हैं, जहां खाद्य विभाग से राशनकार्ड धारियों का पीडीएफ महीनों से नहीं आया। इस वजह से आम जनता नए राशनकार्ड के लिए चक्कर काट रही है। 28 जून से राशनकार्ड बनाने के ऑनलाइन सिस्टम की साइट बंद बताई जा रही है, इससे वार्ड स्तर पर लोगों के राशनकार्ड में नाम जोड़ने से लेकर नवीनीकरण का काम अटक गया है।

प्रभावित वार्ड के पार्षद अब कलेक्टर से इसकी शिकायत करने की तैयारी में हैं। हरिभूमि ने नए राशनकार्ड की वितरण व्यवस्था को लेकर पड़ताल की, जिसमें ये बातें खुलकर सामने आईं।

**केस 1**

### पीडीएफ नहीं भेजा वापस जा रहे कार्डधारी

महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में नए राशनकार्ड वितरण का काम खाद्य विभाग से पीडीएफ लिस्ट नहीं आने से अटक गया है। 4 हजार नए राशनकार्ड ऐसे हैं, जिनका पीडीएफ बनकर अब तक नहीं आया। साथ ही जिन लोगों ने पहले राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया, उनका भी सूची में नाम नहीं आने से उपभोक्ताओं को नया राशनकार्ड नहीं मिल पाया है। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल का कहना है कि कार्डधारी नए राशनकार्ड के लिए रोज उनके कार्यालय आकर वापस जा रहे हैं। उन्हें अब अगस्त में आने को कह रहे हैं। उनके वार्ड 7 हजार राशनकार्डधारी हैं, इनमें से पूर्व में 3 हजार नए राशनकार्ड का वितरण किया गया। बाकी के नए राशनकार्ड अब तक बनकर नहीं आए।

### अब कलेक्टर से शिकायत की तैयारी




**केस 1**

### 80 फीसदी राशनकार्ड वितरण बाकी

लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड में अब तक केवल 20 फीसदी लोगों को ही नया राशनकार्ड मिल पाया है। 80 फीसदी कार्डधारी नए कार्ड के लिए परेशान हैं। पार्षद व जोन-10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने बताया कि खाद्य शाखा से केवल पीडीएफ का खाली पन्ना भेज दिया गया है। न कवर पुस्तक है, न ही वार्डवार सूची। इससे लोगों का नाम छांटने में भारी दिक्कत हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी ये है कि उनका वार्ड चार अलग-अलग वार्डों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड और अरविंद दीक्षित वार्ड के मतदाता समाहित हैं। निगम वाले उन्हें अलग-अलग वार्डों में राशनकार्ड के लिए भेज रहे हैं। जबकि ये सब लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के मतदाता हैं। उन्हें इसी वार्ड से नया राशनकार्ड वितरित करना चाहिए।

**केस 3**

### पुराना जमा कराया, नया नहीं भेज रहे

जोन-2 के शहीद हेमू कालाणी वार्ड में 1700 राशन कार्डधारी हैं। इनमें से 700 राशनकार्ड धारियों को नया कार्ड दिया गया। इस दौरान बाकी लोगों से भी उनके पुराने राशनकार्ड जमा कराए गए, पर 1100 लोगों का नया राशनकार्ड संबंधी पीडीएफ पार्षद कार्यालय में अब तक नहीं पहुंच पाया है। जोन अध्यक्ष हरदीप सिंह होरा का कहना है, उनके यहां खाद्य शाखा से केवल एक ही बार पीडीएफ भेजा गया। 15 दिन से कोई पीडीएफ नहीं आया है। दिक्कत ये है, खाद्य विभाग की तरफ से सही जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जा रही है। वीरांगना अवंति बाई वार्ड, राजीव गांधी वार्ड में इसी तरह की दिक्कत सामने आई है।

**केस 4**

### साइट बंद, नवीनीकरण नहीं हो रहा

संत रामदास वार्ड के रहवासी पिछले माहभर से नए राशनकार्ड के लिए भटक रहे हैं। वार्ड में 1600 राशन कार्डधारी हैं, इनमें से 50 फीसदी कार्डधारियों को नए कार्ड का वितरण किया जा चुका है। बाकी के 50 फीसदी लोग पीडीएफ प्रिंट नहीं आने से नए राशनकार्ड पाने से वंचित हैं। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया, 28 जून से राशनकार्ड नवीनीकरण में भी दिक्कत आ रही है। विभागीय साइट बंद होने से ऑनलाइन आवेदन सिस्टम ठप पड़ा है। राशनकार्ड में नाम जोड़ने और नाम हटाने का काम इससे प्रभावित है। जोन दफ्तर में भी इसकी शिकायत की है।

# फ्लैट में आग लगाकर बच्चे के साथ दुबका रहा युवक, पुलिस ने बचाया

■ कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के चौथे माले पर रह रहे युवक ने बच्चे के साथ कमरे में आग लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक व्यक्ति ने अपने छह साल के बच्चे के साथ रसोईघर में रखे गैस सिलेंडर की पाइप खोलकर आग लगा दी। घर के अंदर आग की लपटें उठते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में आग लगाने वाले तथा उसके बेटे को सकुशल बाहर निकाला और सिलेंडर में लगी आग को बुझाने में तत्परता दिखाई।

पुलिस के मुताबिक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के चाथे माले पर रह रहने वाला फनीश मिश्रा ने अपने घर के किचन में रखे रसोई गैस के सिलेंडर का पाइप निकालकर आग लगाने की घटना को अंजाम दिया था। घर की खिड़की से आग की लपटें उठते देख पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस के अनुसार, घर में आग लगाने के बाद फनीश अपने बेटे को साथ लेकर एक कोने में बैठा था। बाप-बेटे को सकुशल बाहर निकालने के बाद पुलिस ने फनीश से आग लगने का कारण पूछा तो उसने पुलिस को बताया कि उसने खुद अपनी घर में आग लगाई है। पुलिस ने वजह पूछी तो फनीश ने पुलिस से कहा, लगा दिया तो लगा दिया।

***हरकतों की वजह से निलंबित भी :*** पुलिस के अनुसार, फनीश की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान होकर एक साल पूर्व पत्नी साथ छोड़कर अलग रह रही है। फनीश से अपना बच्चा लेने उसकी पत्नी गई तो उसने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया। फनीश कृषि उपज मंडी में गाड़ी चालक है। अजीबो-गरीब हरकतों की वजह से उसे दो से तीन बार निलंबित भी किया जा चुका है।






# संतों की चिंता- मोबाइल छीन रहा संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिस दिन हिन्दू सिर पर शिखा व मस्तक पर तिलक धारण करने का संकल्प लेने के साथ ही गो-हत्या के खिलाफ कठोर कानून लागू करेगा। उसके बाद से विश्व शांति व राष्ट्रगुरु बनने का संकल्प भी पूरा हो जाएगा। शिखा व मस्तक पर तिलक धारण करने से धर्म का एहसास होगा। भोजन में मांसाहार वर्जित है। सात्विक भोजन का उपयोग करने से विचार दूषित नहीं होंगे। कुछ इसी तरह के संवादों के साथ श्री बालयोगेश्वर रामबालक दास महात्यागी महाराज विशाल हिंदू धर्मसभा में लोगों से जुड़े।

■ शिखा, तिलक धारण करें, हैलो की जगह बोलें वंदेमातरम और जयश्री राम

साइंस कॉलेज स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आगे कहा कि मोबाइल अटैंड करते समय लोग हैलो शब्द का इस्तेमाल करते हैं। इसके स्थान पर अगर वंदेमातरम या फिर जयश्री राम कहें तो इससे संवाद शुरू होते ही व्यक्ति व उसके व्यक्तित्व का एहसास होगा। इससे आपस में संवाद भी अच्छे विषयों पर होंगे। इनमें देश में गोमाता की हत्या के षडयंत्र को रोकने के लिए कठोर कानून लाने की मांग हर किसी को रखनी होगी, ऐसे विषयों पर भी आपस में सहमति होनी चाहिए। महाराज ने कहा कि मोबाइल से बच्चों का संस्कार छिन रहा है। वहीं स्वामी राधेश्याम महाराज ने कहा कि संसार में हिंदू धर्म से जुड़े सनातनी ही विश्व कल्याण की कामना करते हैं।

### रामभक्तों के सहयोग को भी सराहा

इस धर्मसभा में मुख्य वक्ता के रूप में हनुमान गढ़ी अयोध्या से आए महंत राजूदास ने कहा कि श्रीराम के ननिहाल में आना सौभाग्य का विषय है। अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में आस्था के साथ संस्कारों की शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने संतों के इस महाकुंभ के लिए आयोजक समिति के शशांक देशमुख, प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी और बड़ी संख्या में रामभक्तों के सहयोग को भी सराहा। वहीं ज्योतिष ऋषि सीताशरण दास महाराज ने हिंदू व सनातन में बताई गई जीवनशैली को लेकर धर्म प्रेमियों के बीच बात रखते हुए कहा कि हिंदू धर्म की प्राचीनता को लेकर कई लोग सवाल उठाते थे, उन्हें जवाब मिल चुका है।

### संस्कार जीवन की अहम कड़ी

स्वामी राजीव लोचन दास महाराज ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म एक भारतीय धर्म और जीवनशैली है। हिंदू शब्द एक उपनाम है, हिंदू धर्म को दुनिया का सबसे पुराना धर्म कहा गया है। कई अभ्यासी अपने धर्म को सनातन धर्म कहते हैं। जो इस विचार को संदर्भित करता है कि उत्पत्ति मानव इतिहास से परे है। वहीं शिवनाथ योगी, वेद प्रकाशाचार्य महाराज ने कहा कि इसे वेदों से संबंधित धर्म भी माना गया है। हिंदू धर्म में पूजा, पाठ, जप, ध्यान, परिवार-उन्मुख संस्कार, वार्षिक त्योहार और सामयिक तीर्थ यात्रा जैसे अनुष्ठान शामिल हैं। वहीं योगी के अभ्यास के साथ कुछ लोग सामाजिक दुनिया और भौतिक संपत्ति को छोड़ते हैं। इन सबके बीच संस्कार एक कड़ी है, इसका पालन करें।

# आरईसी के सीएमडी पहुंचे सत्यसाईं हास्पिटल कार्डियक वार्ड का लोकार्पण



रायपुर। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के सीएमडी ने नवा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हास्पिटल में कार्डियक वार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बात कर हास्पिटल के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में अस्पताल को हर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन, ईडी सीएसआर तरुणा गुप्ता, एमडी सीएसपीडीसीएल भीम सिंह कंवर के साथ श्री सत्यसाईं हास्पिटल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आरईसी गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्डियक वार्ड का लोकार्पण और एक हजार सर्जरी पूरी होने की स्मृति में पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि अस्पताल का पवित्र और अद्वितीय कार्य इस तथ्य से स्पष्ट है कि रिकॉर्ड सफलता के साथ 31500 से अधिक सर्जरी और कैथ हस्तक्षेप सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं।

# यूपीएससी से लेकर व्यापम तक के सवालों में उलझे अभ्यर्थी, बीएससी नर्सिंग में 48% नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को दो मुख्य परीक्षाएं शहर में हुई। इसमें संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड मेडिकल सर्विस परीक्षा और व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वार आयोजित नर्सिंग प्रवेश परीक्षा शामिल रही। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 48 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। व्यापम को इसके लिए 52 हजार 628 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से मात्र 52.98% ने ही परीक्षा दिलाई। रायपुर में इसके लिए 3 हजार 985 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 49.5 प्रतिशत छात्र ही उपस्थित रहे।

■ रविवार को हुई यूपीएससी की कंबाइंड मेडिकल ऑफिसर और व्यापम की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा

बीएससी नर्सिंग में छात्रों से 100 सवाल पूछे गए। कोरोना काल के बाद से नर्सिंग पाठ्यक्रमों को लेकर छात्रों का रूझान बढ़ा है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की तुलना में दोगुने आवेदन इसके लिए प्राप्त हो रहे हैं। परीक्षा देकर निकल छात्रों के अनुसार, प्रश्न औसत रहे। सभी सवाल सिलेबस से ही पूछे गए। किसी भी केंद्र में नकल अथवा इस तरह की स्थिति की सूचना शाम तक व्यापम को प्राप्त नहीं हुई। गौरतलब है कि विभिन्न कारणों से बीएससी नर्सिंग का शेड्यूल पूर्व में कई बार बदला जा चुका था। अंततः 14 जुलाई को 32 जिलों के निर्धारित परीक्षा केंद्र में व्यापम ने यह परीक्षा ली।



### दूसरे पखवाड़े में परिणाम

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत जून माह से कर दी गई थी। अब तक व्यापम द्वारा किसी भी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी नहीं किए जा सके हैं। सूत्रों के अनुसार, व्यापम द्वारा परिणाम घोषित किए जाने का सिलसिला जुलाई के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ हो जाएगा। इसके आधार पर संबंधित विभाग में प्रवेश प्रक्रिया अगस्त माह से प्रारंभ होने की संभावना है।

### रायपुर में दो केंद्र

कंबाइंड मेडिकल सर्विस के लिए यूपीएससी द्वारा 30 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए थे। विभिन्न विभागों में 827 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इसके लिए देशभर में रायपुर सहित 41 केंद्र बनाए गए। राजधानी में दानी गर्ल्स स्कूल और संजय नगर स्थित शासकीय विद्यालय में यह परीक्षा हुई। दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक यह परीक्षा हुई। 768 अभ्यर्थियों ने इसके लिए पंजीयन कराया था।

### रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म...

छत पर यात्रियों के लिए भी कैफेटेरिया की सुविधा मिलेगी। आमतौर पर लोगों को आसानी से एटीएम नहीं मिल पाती है, इसलिए यहां एटीएम और लिफ्ट समेत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी है। यात्रियों को वीआईपी पार्किंग मिलेगी और स्टेशन परिसर में यात्रियों के लिए गार्डन भी है।

### अब मुक्तांगन...

के ट्रेन नहीं चला सकते। सीबीडी में अभी एक ही प्लेटफार्म बना है। फिलहाल इससे ही ट्रेन चलाने की शुरुआत की जाएगी। मुक्तांगन स्टेशन में ही अभी एक ही प्लेटफार्म को तैयार किया जा रहा है, जिसे पूरा होने में सालभर का समय और लग सकता है। जानकारी के मुताबिक भविष्य में सीबीडी स्टेशन 4 प्लेटफार्म का होगा तो वहीं मुक्तांगन में दो प्लेटफार्म ही सुविधा मिलेगी।

### 80% कटऑफ फिर...

लेकिन मौजूदा ट्रेंड से शिक्षाविद भी हैरान हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम में सेमेस्टर प्रणाली लागू किए जाने के कारण छात्रों का रुझान थोड़ा कम हुआ है। कई छात्र इसके चलते भी नियमित कक्षाओं की तुलना में स्वाध्याय का प्राथमिकता दे रहे हैं।

### नकली होलोग्रॉम मामले...

सुपुर्द करने का फैसला सुनाया। गौरतलब है कि शराब घोटाले

पेज 11 के शेष ...

में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही ईडी की टीम ने जांच के दौरान पाया कि उत्तरप्रदेश नोएडा स्थित विधु गुप्ता की कंपनी मेसर्स प्रिज्म होलोग्रॉफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड से बड़े पैमाने पर नकली होलोग्राम प्रिंट कराए गए हैं। इसके बाद ईडी ने नोएडा पुलिस के पास एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर कासना थाने की पुलिस ने विधु गुप्ता, अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह, तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तीनों को साथ बैठाकर होगी पूछताछ : सूत्रों के मुताबिक, अनवर तथा एपी से अब तक की पूछताछ में उत्तरप्रदेश एसटीएफ को नकली होलोग्रॉम मामले में कई महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी हैं। उन्हीं जानकारियों को और पुख्ता करने एसटीएफ की टीम अनवर, अनिल तथा एपी को साथ बैठाकर पूछताछ कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले दिनों ईओडब्लू की टीम ने भारी मात्रा में अधजले नकली होलोग्रॉम जब्त किए हैं। उस संबंध में भी उत्तरप्रदेश एसटीएफ की टीम ईओडब्लू के संपर्क में है।

### चैंबर चुनाव सितंबर के...

चुनाव को लेकर अहम रहेगी। पिछले बार के चैंबर चुनाव में प्रदेशभर से 16 हजार से अधिक पंजीकृत सदस्यों ने मतदान किया था। इस बार के चुनाव में 23 जुलाई तक सदस्यता लेने वाले मेंबर अपने वोटिंग पॉवर का उपयोग चैंबर चुनाव में कर सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक, चैंबर के 64 वर्ष के इतिहास में पहली बार इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक चैंबर सदस्य बनाए गए। यह सिलसिला 23 जुलाई तक जारी रहेगा। इस नई उपलब्धि को लेकर चैंबर कार्यालय में गत दिनों जश्न मनाया गया। इस मौके पर केक सेरेमनी का आयोजन किया गया। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक व्यापारियों के चैंबर सदस्य के रूप में जुड़ने को लेकर खासी चर्चा रही।

### खूंखार पिटबुल के...

तक इधर-उधर भागने के बाद वह घर से बाहर निकलकर कार के बोनट पर चढ़ गया और अपनी जान बचाई। इसके बाद आसपास रहने वाले अन्य लोगों ने उसे कुत्तों से बचाया। इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद खम्हारडीह पुलिस ने सलमान को थाने तलब किया। उससे पूछताछ और मुलाहिजा के बाद डॉग के मालिक डॉ. अक्षय के खिलाफ धारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 291 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कुत्तों के हमले से गंभीर रूप से जख्मी सलमान का डॉक्टरी मुलाहिजा भी कराया गया है। **मोहल्ले में भी शिकायत :** शिकायत में यह भी बताया गया है कि डॉक्टर दंपति द्वारा पाले गए कुत्ते अनुपम नगर के लोगों को पहले भी काट चुके हैं। सलमान पर हमला करने वाले दोनों कुत्ते पिटबुल प्रजाति के थे और तीसरा कुत्ता जो अन्य प्रजाति का था, वह दूर से भौंक रहा था। सलमान का आरोप है कि अगर वह कार के बोनट पर नहीं चढ़ता तो मामला बेहद गंभीर हो सकता था।

# मवेशियों के झुंड मचा रहे उत्पात, धरपकड़ में नगर निगम अमला पस्त

## सांड पकड़ने में निगम अमले का छूटा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के अंदरूनी मार्ग सहित बाजार क्षेत्र व व्यवसायिक इलाकों में आवारा मवेशियों के झुंड और छुट्टे घूम रहे सांडों के उत्पात से आम आदमी परेशान है। हैरानी की बात ये है कि सदर बाजार जैसे पॉश इलाके में सांडों को खुली सड़क पर उत्पात मचाते देख लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। ऐसा ही नजारा डगनिया के सब्जी बाजार चौक, आमापारा और शास्त्री बाजार चौक पर आए दिन देखा जा सकता है। इन सबके बाद भी नगर निगम का काऊकैचर दस्ता सांडों को पकड़ने अब तक नहीं पहुंच पाया। इसके चलते राजधानी में आवारा मवेशियों के झुंड से लोग त्रस्त हैं।

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के रिहाइशी इलाके सहित वीआईपी मार्ग को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 10 जोन के जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी और निगम के दो अपर आयुक्त को इस पूरे कार्य की मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा है, लेकिन धरातल पर निगम का आवारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान महज खानापूर्ति साबित हो रहा है। दस जोन के 10 काऊकैचर दस्ते एक दिन में मुश्किल से 100 मवेशी भी नहीं पकड़ पा रहे। जबकि बड़ी संख्या में शहर में सांड खुले में घूम रहे हैं। इन्हें पकड़ने निगम अमले ने अब तक तत्परता नहीं दिखाई है। खासकर सांझ ढलने के बाद अमीनपारा, लिली चौक, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डगनिया, सुंदर नगर, अश्वनीनगर,आमापारा, आजाद चौक, ब्राह्मणपारा, रायपुरा, चंगोराभाठा, महामाई पारा, सदरबाजार, सत्ती बाजार, मोतीबाग चौक, शास्त्री बाजार चौक पर मवेशियों का जमावड़ा देखा जा सकता है। इन इलाकों में देर शाम काऊकैचर दस्ता कभी झांकने तक नहीं आया। इससे रहवासी इलाकों में लोगों को दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है।

- रहवासी त्रस्त, शिकायत के बाद भी नहीं पकड़ रहे मवेशी
- शास्त्री बाजार, आमापारा, लाखेनगर, मंगलबाजार में मवेशियों के झुंड दे रहा हादसों को आमंत्रण



### अंधेरे में दुर्घटना का अंदेशा, वाहन चालक त्रस्त

रहवासी इलाके में डेयरियों का संचालन और मवेशियों को रखने से सांझ ढलने के बाद पशुमालिक अपने मवेशी को बीच रास्ते में धड़ल्ले से खुला छोड़ रहे हैं। इससे शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाले दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन के चालकों को रात के समय गाड़ी चलाने में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। निदान 1100, चैटबोट और संबंधित जोन दफ्तर में प्रभावित लोगों द्वारा इसकी शिकायत भी की जाती रही है। इसके बाद भी निगम अमला इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन आज अभनपुर-आरंग जाएंगे

**रायपुर**। सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल15 जुलाई को अभनपुर और आरंग प्रवास पर रहेंगे। श्री अग्रवाल दोपहर 1 बजे कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण अभनपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे एवं भारतीय जनता पार्टी अभनपुर विधानसभा द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय मतदाता आभार समारोह में भाग लेंगे। श्री अग्रवाल दोपहर 3 बजे आरंग पहुंचकर अरुंधति देवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में शाला प्रवेशोत्सव अभियान, गणवेश एवं साइकिल वितरण समारोह में भाग लेंगे। कृषि मंडी प्रांगण आरंग में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण करेंगे व भारतीय जनता पार्टी आरंग विधानसभा द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय मतदाता आभार सम्मेलन में भाग लेंगे।

### छात्राओं को बांटी साइकिल

**रायपुर**। नगर पंचायत माना कैंप में 15वें वित्त आयोग मद से वार्डों में सफाई कार्यों के लिए नए वाहनों का रविवार को लोकार्पण और पूजन किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में नगर पंचायत माना कैंप में नवनिर्मित 3 अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण, पुरस्कार वितरण, पौधारोपण एवं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा उपाध्यक्ष रायपुर शहर श्यामा प्रसाद चक्रबर्ती, माना नगर पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला चौहान, मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद लोकमति ठाकुर, अंजू बर्मन, मिथुन मंडल, कांति साहू, संगीता सिंह, के. ऐबु, सुपाद मडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेश पिल्ले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल आदि शामिल थे।

### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज



**रायपुर**। सतनामी समाज की गुरुमाता व छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को 52वीं पुण्यतिथि है, जिसे स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में रविवार को सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में मुख्य आयोजन न्यू राजेंद्र नगर स्थित सामाजिक भवन में होगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया जाएगा। इस दौरान मंगल भजन, संगोष्ठी सहित जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व प्रातः पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की आदमकद प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा होगी।

अगले दिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कट जाएगी लाइन

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर रीचार्ज नहीं किया तो भी छुट्टी के दिन नहीं काटा जाएगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रायपुर सहित कई जिलों में बिजली के प्रीपेड मीटर लगने शुरू हो गए हैं। नए मीटर लगने के बाद अब आम उपभोक्ताओं में इस बात की उत्सुकता है कि बिजली मीटर रीचार्ज कैसे होगा। कहीं कोई गड़बड़ी हुई तो क्या कनेक्शन कट जाएगा? ऐसे बहुत से सवालों का जवाब अभी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाया है। ऐसे में बिजली ग्राहकों के लिए यह जानना जरूरी है कि प्रीपेड मीटर के मामले में यदि उपभोक्ता अपने प्रीपेड खाते को रीचार्ज करने में असफल रहता है और उसका शेष (बैलेंस) शून्य हो जाता है तो छुट्टी के दिन को छोड़कर अगले दिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे के बीच बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।

खास खबर

राज्य में प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने के पहले ही राज्य विद्युत नियामक आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत आपूर्ति संहिता में संशोधन किया है। यह चौथा संशोधन 2024 का है। यह नियम पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। इस संबंध में विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। इसमें बताया गया है कि प्रीपेड मीटर संबंधी व्यवस्था के संचालन का नियम क्या है।

## मीटर निकालकर भी ले जा सकेंगे विद्युत कर्मचारी

### छुट्टी के दिन नहीं कटेगा कनेक्शन

विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में साफ किया गया है कि प्रीपेड मीटर रीचार्ज न कराने की स्थिति में बिजली कनेक्शन कब और कैसे काटा जाएगा। अगर प्रीपेड मीटर रीचार्ज नहीं किया गया और उसका शेष (बैलेंस) शून्य हो जाता है तो मीटर गैर कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे से अगले दिन सुबह 10 बजे तक या राजपत्रित अवकाश, स्थानीय छुट्टियों के दिन कनेक्शन नहीं काटा जाए। उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए कनेक्शन काटने की प्रक्रिया तत्काल अगले कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच होगी। खास बात ये है कि शून्य बैलेंस होने के कारण बिजली कनेक्शन कटने को अस्थायी या टेंपरेरी डिसकनेक्शन माना जाएगा।



### रीचार्ज की सूचना यानी नोटिस

नियम में साफ किया गया है कि प्रीपेड उपभोक्ता को मीटर रीचार्ज करने के संबंध में जो सूचना या अलर्ट भेजा जाएगा, उसे ही नोटिस माना जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता अगर रीचार्ज नहीं कराता है तो उसका कनेक्शन काटा जाएगा। यह कनेक्शन उस समय तक नहीं जोड़ा जाएगा, जब तक उपभोक्ता समयसीमा के भीतर संबंधित राशि का रीचार्ज नहीं कराएगा। प्रावधान ये भी है कि उपभोक्ता का कनेक्शन रीचार्ज न कराने के कारण काटने के बाद उपभोक्ता का मीटर परिसर से भौतिक रूप से भी हटा दिया जाएगा।

### बैलेंस खत्म होने के पहले मिलेगी सूचना

अगर उपभोक्ता ने मीटर रीचार्ज नहीं किया तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा, लेकिन इस संबंध में बैलेंस खत्म होने और माइनस राशि शेष होने की जानकारी एसएमएस या वाट्सएप के माध्यम से देने का प्रावधान भी रखा गया है। एक बार कनेक्शन कटने के बाद उपभोक्ता मीटर को रीचार्ज कर सकता है और लागू अधिभार (जुर्माने) के साथ विद्युत आपूर्ति बहाल कर सकता है। उपभोक्ता ऐसी परेशानी से बचने के लिए अपने प्रीपेड मीटर खाते को मोबाइल एप्लिकेशन, वेब एप्लिकेशन, यूपीआई, ई-वॉलेट, वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रीचार्ज करा सकता है। मीटर रीचार्ज होने के बाद एएमआई एप्लिकेशन का ऑटो री-कनेक्शन शुरू करना होगा।

यात्री हैरान, आखिर कहां आएगी ट्रेन

# डिस्प्ले में एक ही ट्रेन की दो प्लेटफार्म पर दिखाई पोजीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक ट्रेन एक समय में एक ही प्लेटफार्म पर आ सकती है, लेकिन रविवार को रेलवे स्टेशन पर 1345 माल्दा टाउन सूरत एक्सप्रेस एक डिस्प्ले में 11.55 बजे प्लेटफार्म 1 पर आती हुई दिखाई दी तो वहीं दूसरे एलईडी टीवी पर उसी समय उसी ट्रेन के प्लेटफार्म-2 पर भी आने की जानकारी प्रदर्शित की जा रही थी। यह देख यात्रियों में हलचल मच गई कि आखिर ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी। जब यात्रियों को समझ नहीं आया तो उन्होंने स्टेशन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों से ट्रेन की सही लोकेशन की पूछताछ प्रारंभ कर दी। वही यात्रियों ने सीधे डीआरएम और रेलवे बोर्ड से ही ट्वीट कर पूछ लिया कि ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी। कई यात्री तो अपना सामान लेकर प्लेटफार्म नंबर 2 के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद रेलवे ने अपनी गलती सुधारते हुए डिस्प्ले पर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 1 पर आने की सही जानकारी प्रदर्शित की, जिससे यात्रियों में मची अफरातफरी शांत हुई। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, जब यात्रियों को ट्रेन के आने और प्लेटफार्म पर कोच की पोजीशन की जानकारी गलत मिली हो। 8 दिनों के भीतर इस तरह की दूसरी घटना हुई है।




- स्टेशन पर रेलकर्मियों से जानकारी लेते रहे पेसैंजर

*यात्रियों को मिल रही गलत जानकारी*
*रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों के आने का समय दिखाने एलईडी टीवी व डिस्प्ले बोर्ड लगे हुए हैं, जिसमें एक समय पर सभी को अपडेट करना होता है, यात्री सत्यम के ट्वीट के बाद रेलवे सेवा ने डीआरएम को जांच करने कहा।*

### ट्रेन खड़ी होने के बाद डिस्प्ले में आया अपडेट

6 जुलाई शनिवार को भी पुरी से दुर्ग जाने वाली 18425 ट्रेन के प्लेटफार्म डिस्प्ले पर कोच पोजीशन सिस्टम बिगड़ गया था, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। ट्रेन आने से पहले डिस्प्ले पर स्लीपर और एसी कोच की जो पोजीशन बताई जा रही थी, वह ट्रेन पहुंचने के बाद गलत हो गई। ट्रेन में अपने निर्धारित कोच तक पहुंचने के लिए यात्रियों को लंबी दौड़ लगानी पड़ी थी। स्टेशन पर एस-2 की जगह बी- 2 कोच खड़ा मिला। यात्री डिस्प्ले के अनुसार, एस-2 कोच की पोजीशन पर खड़े थे, लेकिन ट्रेन आने के बाद जब एस-2 कोच आगे निकल गया, तब यात्रियों ने दौड़ लगानी शुरू की। प्लेटफार्म पर जब ट्रेन पूरी तरह से ठहर गई, उसके बाद ही डिस्प्ले पर कोच की सही पोजीशन दिखाई गई। शुरुआत से ही डिस्प्ले पर कोच की पोजीशन को लेकर गलत जानकारी दिखाई जा रही थी।

# सरोना में आधी भी नहीं हो पाई कचरा छंटाई, बारिश ने अटकाया, काम बंद



- दिसंबर तक काम पूरा करने समयसीमा तय
- 28 एकड़ जमीन पर 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा करकट डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा-करकट की छंटाई का 45 फीसदी काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। बारिश की वजह से स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई रोक दी गई है। दिसंबर 2024 तक बकाया काम पूरा करने की समयसीमा तय है। 28 एकड़ जमीन पर पिछले डेढ़ दशक से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के वैज्ञानिक निष्पादन के लिए रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने 12 करोड़ 66 लाख में ठेका दिया है।

हरिभूमि फॉलोअप

नगर निगम के सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सालों से डंप कूड़ा-करकट डिस्पोज करने रायगढ़ की अनुबंधित एजेंसी ने साइट पर 5 पोकलेन मशीनें और 7 डंपर लगाकर जमीन में दबे कूड़े को मशीन से खोदकर पहले ढेरी लगवाई। फिर सप्ताहभर इसे सुखाने के बाद मशीन से 4 अलग-अलग भागों में कचरे की छंटाई कराई। अब तक 45 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। निगम से अनुबंधित एजेंसी हिल्बो इंटरप्राइजेस पोकलेन व डंपर मशीन लगाकर जमीन की 8 फीट तक खुदाई कर वहां दबे 45 फीसदी कूड़ा-करकट को बाहर निकालकर, अलग-अलग ढेरी में सुखा रही है। इस दौरान स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई का काम रोकना पड़ा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, मौसम खुलने के बाद ही आगे का काम शुरू हो पायेगा। विदित हो कि डेढ़ दशक से सरोना में डंप शहरभर का कूड़ा-करकट खारुन नदी किनारे दबा पड़ा है। बारिश में इस गंदगी के कारण में खारुन में गंदा पानी रिसकर जाने को लेकर एनजीटी ने रायपुर नगर निगम को कई बार जमकर फटकार लगाई है। स्थानीय रहवासियों ने भी कचरा ढोने वाली रामकी कंपनी की गाड़ियों को रोकने चक्काजाम किया था। इन सबके बाद नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 66 लाख में पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। अनुबंधित कंपनी कचरा छंटाई के साथ -साथ निकाले गए कचरे के ढेर में से झिल्ली, प्लास्टिक, कांच व लोहे के टुकड़े अलग कर उसे बेचेगी।

### 45 फीसदी काम पूरा

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के निपटारे का 45 फीसदी काम पूरा हुआ है। बारिश के कारण काम बंद है। दिसंबर 2024 तक अनुबंधित एजेंसी को बकाया काम पूरा करने की समयसीमा दी गई है।

**- रघुमणि प्रधान**, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

# गुजराती स्कूल के स्काउट गाइड्स ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में विगत दिनों पूरे प्रदेशभर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डूंडा में पौधारोपण किया गया। साथ ही संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी ली गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड्स ने पौधे रोपे। गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला देवेंद्र नगर के 3 स्काउट और 11 गाइड विद्यार्थियों ने शाला प्राचार्य अनीस मेमन के मार्गदर्शन और शाला की स्काउट-गाइड प्रभारी आरती राजपूत के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में शामिल होकर एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाया।



### ये उपस्थित रहे

जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने कहा कि रायपुर जिले के प्रत्येक स्कूल में स्काउट-गाइड के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम पूरे विद्यालय स्तर पर वृहद रूप से किए जाएंगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश कुमार द्विवेदी आईआरएस सीनियर डिवीजन मैनेजर रेलवे रायपुर, अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड्स छग, जी. स्वामी जिला अध्यक्ष, डॉ. सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, डॉ. विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, अजय तिवारी जिला उपाध्यक्ष, गायत्री सिंह, मृत्युंजय शुक्ला, उमा चंद्रहास निर्मलकर, प्राचार्य फ्रांसिस किसपोट्टा, विष्णु साहू शाला प्रतिनिधि सचिव, जिला संगठन आयुक्त बालक दास राउत, विकासखंड सचिव धरसींवा मुकेश बोरकर, आरती राजपूत, अपर्णा तिवारी उपस्थित रहे।

# राज्य सेवा के कर्मचारियों से भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने डीओपीटी विभाग के प्रभारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अखिल भारतीय सेवा और राज्य सेवा के कर्मचारियों के साथ कई मामलों में भेदभाव किए जाने पर सवाल उठाया है। संघ के प्रातांध्यक्ष अनिल सिन्हा ने कहा, अखिल भारतीय सेवा के लोकसेवकों के कार्य प्रतिवेदन के लिए नियम बने हैं, लेकिन राज्य सेवा के संबंध में नियम नहीं बने हैं। राज्य सेवा के लिए गोपनीय प्रतिवेदन के नियम नहीं बनने के कारण इसे अधीनस्थों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। अखिल भारतीय सेवाओं के लिए प्रशासनिक अभिकरण है, लेकिन राज्य सेवा के अभिकरण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सेवा के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन कराया जाए।

- डीओपीटी को पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संगठन ने पीएम को लिखा पत्र
- राज्य सेवा के कर्मचारियों के लिए कार्य प्रतिवेदन नियम बनाने की मांग

उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कहा, राज्य कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन लिखे जाने के संबंध में नियम बनाया जाए। राज्य प्रशासनिक सेवा अभिकरण और कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए। संयुक्त विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हर तीन माह में सुनिश्चित किया जाए।

प्रत्येक विभाग में जिला और प्रदेश स्तर पर शिकायत निवारण एवं शासकीय सेवक कल्याण अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ऐसे मामलों में किसी अधिकारी के विरुद्ध कोर्ट जाना पड़े तो उस पर आने वाले समस्त व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाए और संबंधित अधिकारी पर उचित कार्रवाई का प्रावधान करें।

### मलेरिया डायरिया से मृतक के परिजनों को दें मुआवजा

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बस्तर से लेकर कवर्धा तक लोग मर रहे हैं। बीजापुर के भोपालपट्टनम में एक बच्ची की मौत मलेरिया से हो गई। कवर्धा जिले के चिल्फी के पास सोनवाही गांव मे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित बैगा जनजाति के पांच लोगों की उल्टी-दस्त के बाद मौत हो गई है। पीसीसी अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि कवर्धा के सोनवाही में मृतकों के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा दिया जाए। साथ ही वनक्षेत्रों मे स्वास्थ्य सुविधाएं तत्काल बढ़ाई जाएं। हाट-बाजार क्लीनिक शुरू किया जाए। मलेरिया और डायरिया के जांच व इलाज के लिए कैम्प लगाए जाएं।

# पटवारी हड़ताल पर, अब आरआई से ले रहे हैं काम, दी आंदोलन की चेतावनी

- किसी भी दिन बिना सूचना जाएंगे हड़ताल पर
- आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के 8 जुलाई से हड़ताल पर चले जाने से अब उनके हिस्से का काम आरआई (राजस्व निरीक्षक) से लिया जा रहा है। इसकी वजह से आरआई भी परेशानी में पड़ गए हैं।

राजस्व निरीक्षक संघ का कहना है कि पटवारी का काम करने में देरी होने के कारण आरआई के साथ मारपीट और अनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं, इस वजह से आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अगर पटवारियों के काम नहीं करने की वजह से आरआई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो आरआई किसी भी दिन बिना सूचना दिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष दीपचंद भारती ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को भेजे गए पत्र में यह बात कही है। पत्र में कहा गया है कि हल्का पटवारी के




अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य जैसे आय, निवास, जाति प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्य विभिन्न जिलों में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को करने के लिए उनके राजस्व अधिकारियों द्वारा आदेशित किया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उनकी धारित कृषि भूमि, आवासीय भूमि, जाति एवं उनके वारिसानों की जानकारी क्षेत्रीय कर्मचारी होने के कारण संबंधित हल्का पटवारी को होती है।

इसलिए हल्का पटवारी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य राजस्व निरीक्षक के ऊपर अधिरोपित नहीं करने कलेक्टर को पत्र लिखने का आग्रह छग राजस्व निरीक्षक संघ ने किया है।

### ये काम हो रहे प्रभावित

सीमांकन, नक्शा, बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, मौका जांच के लिए राजस्व निरीक्षकों को पटवारी द्वारा अद्यतन किए जाने वाले राजस्व अभिलेखों की आवश्यकता होती है। चालू राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में सीमांकन, नक्शा बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार के प्रतिवेदन का कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवारी चालू नक्शा में बटांकन नहीं होने के बाद भी सक्षम न्यायालय से प्राप्त सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के समय राजस्व निरीक्षकों के साथ मारपीट एवं आवेदक के मन मुताबिक कार्य नहीं होने के कारण आवेदक, अनावेदकों द्वारा राजस्व निरीक्षकों के विरुद्ध झूठे और मनगंढ़त आरोप लगाए जाते हैं, जिससे राजस्व निरीक्षक अकारण मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।


हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





सज रहे शिवालय...श्रावण मास में ...

लाइव इवेंट

## नई पीढ़ी का प्रदेश की विभूतियों से हो परिचय



**रायपुर।** रविवार को 'छत्तीसगढ़ की विभूति' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक जागेश्वर प्रसाद हैं। पुस्तक प्रदेश के लिए समर्पित व्यक्तियों पर आधारित है। किताब में 38 व्यक्ति विशेष की जीवनी को सार में लिखा गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को प्रदेश के वीरों की जानकारी देना है। इस दौरान साहित्य की विभिन्न विधाओं पर चर्चा भी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। परदेशी राम वर्मा, अरविंद मिश्र, डॉ.केके अग्रवाल, राम कुमार, रामेश्वर वैष्णव, लता राठोर, सुधीर शर्मा सहित अन्य साहित्यविद कार्यक्रम का हिस्सा बने। यह लघु पुस्तिका का अध्ययन बच्चों द्वारा भी किया जा सकता है। उन्हें विविध जानकारी देने में यह पुस्तिका मददगार होगी। वर्तमान में कम शब्दों का प्रयोग कर छत्तीसगढ़ के वीरों की जानकारी के साथ आकर्षक रुप से इसे तैयार किया गया है।

### साहित्य से इतिहासों की मिलती है जानकारी

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि इतिहास पुरुषों के स्मरण करने से लोगों में स्वाभिमान जागरण होता है। साथ ही साथ भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी होता है। विशेष अतिथि वरिष्ठ इतिहासकार डॉ.केके अग्रवाल ने कहा कि ऐसा साहित्य सीजन से अपने पुरखों द्वारा किया विभिन्न इतिहासों की जानकारी मिलती है। दाऊ जीपी चंद्राकर ने कहा कि जागेश्वर प्रसाद का योगदान राज्य निर्माण, भाषा निर्माण सहित मजदूर, बेरोजगार व किसानों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में विशेष रुप से उल्लेखनीय है। कार्यक्रम में अरविंद मिश्रा ने कहा कि राज्य आंदोलनकारी जागेश्वर प्रसाद द्वारा रचित छत्तीसगढ़ के विभूति नमक लघु पुस्तिका से हमारे इतिहास पुरुषों द्वारा किए गए आंदोलन,सेवा और त्याग से अनेकों प्रेरणादायी सीख मिलता है।

● शहर में युवतियां शादी से एक साल पहले ही करवा रहीं कॉस्मेटिक सर्जरी

# कॉन्फिडेंस की 'सर्जरी', शहर में हर माह 500 से अधिक कॉस्मेटिक सर्जरी, टॉप में मम्मी मेकओवर व राइनोप्लास्टी

*सोशल साइट्स और इंटरनेट के जमाने में व्यक्ति का आत्मविश्वास कई मायने में उसकी सुंदरता पर भी निर्भर हो चुका है। अगर शरीर में कोई दाग है तो लोगों के बीच बात करने में भी कॉन्फिडेंस लेवल कम होता है। अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अब बड़ी संख्या में लोग कॉस्मेटिक सर्जरी करवा रहे हैं। इसमें 15 से 30 साल के व्यक्तियों की संख्या ज्यादा है।*

### एक घंटे में मनपसंद डिंपल और नाक की सर्जरी


सुंदर दिखने के लिए युवतियां में डिंपल और नाक की सर्जरी का ट्रेंड बीते पांच सालों में बढ़ा है। डॉ. नम्रता सिंघानिया ने बताया कि 20 से 25 साल की लड़कियां सर्जरी करवा रही हैं। इस ट्रीटमेंट में एक ही दिन में ओपीडी में ही सर्जरी हो जाती है। आधे से एक घंटे के अंदर डिंपल बन जाता है। लगभग 15 से 20 हजार रुपए में डिंपल क्रिएशन ट्रीटमेंट हो जाता है। इससे चेहरे की सुंदरता बढ़ जाती है। ट्रीटमेंट का अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। इसके अलावा दबे हुए नाक को उठाने और सुंदर शेप में लाने के लिए लड़कियां नोज सर्जरी भी करा रही हैं। सर्जरी से नाक की हड्डी और स्किन में हल्का चेंज लाकर इसे सुधारा जाता है। इसे राइनो प्लास्टिक कहते हैं। ऐसी सर्जरी कराने वालों की संख्या अब शहर में बढ़ती जा रही है।



**रायपुर।** शहर में इन दिनों में शादी से एक साल पहले चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कॉस्मेटिक व लेजर सर्जरी का ट्रेंड बढ़ा है। बड़ी संख्या में युवतियां दाग हटाने, गाल और होठों का आकार बदलने सर्जरी करवाने पहुंच रही है। वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे पर हरिभूमि ने कॉस्मेटिक सर्जन से बातचीत की। सरकारी और कालडा प्राइवेट हॉस्पिटल में हर महीने 500 से अधिक ऑपरेशन किए जा रहे हैं। सुनील कालडा ने बताया कि 250 से 300 के बीच कॉस्मेटिक सर्जरी हो रही है। इसमें युवतियों की संख्या अधिक है। पुरुष व युवा कम हैं। इसमें दो तिहाई बाहर के राज्यों से तो एक तिहाई प्रदेश के होते हैं। डॉक्टर का कहना है कि अगर किसी को पहले से कोई बीमारी है तो उसे ट्रीटमेंट के लिए मना कर दिया जाता है। ट्रीटमेंट से पहले काउंसलिंग में बता देते हैं कि कि रिजल्ट किस तरह होगा।



**वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे आज : ऑपरेशन से मोटापा भी हो रहा कम**



### 50 प्लस वीमंस भी करा रहीं ब्रेस्ट सर्जरी

ब्रेस्ट सर्जरी कराने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ी है। यंग गर्ल्स के अलावा 50 प्लस महिलाएं भी इस सर्जरी को करा रही हैं। कॉस्मोलॉजिस्ट का कहना है कि कुछ सालों में ब्रेस्ट लिफ्टिंग सर्जरी में इजाफा हुआ है। ट्रीटमेंट में 70 परसेंट अच्छा रिजल्ट आने के कारण लोगों का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि नॉन पेनफुल सर्जरी के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी भी आ गई है। हर महीने ब्रेस्ट सर्जरी के लिए दर्जन से अधिक लड़कियां और महिलाएं पहुंच रही हैं। इस ट्रीटमेंट में 15 हजार से लेकर 30 हजार रुपए तक खर्च आता है।

### राजधानी में यह कॉस्मेटिक सर्जरी ट्रेंड में है

- **मम्मी मेकओवर** : डिलीवरी के बाद महिलाओं के शरीर में कई बदलाव आते हैं। डिलीवरी से पहले पेट की स्किन खिंच जाती है, जो बाद में नॉर्मल आकार में नहीं आती। ऐसा कई हिस्सों में होता है, जिसे सर्जरी से ठीक करते हैं। इसे एब्डोमिनोप्लास्टी प्रोसेस से ठीक किया जाता है। इसके शहर में 50 से अधिक ऑपरेशन प्रतिमाह किए जा रहे हैं।
- **ब्रेस्ट ऑग्मेंटेशन** : ब्रेस्ट को बढ़ाने या कम करने के लिए इसे कराया जाता है। इसमें फैट इंप्लांट भी करते हैं। ओपीडी में हर महीने 70 से अधिक मामले मिलते हैं।
- **सॉफ्ट टिशू ऑग्मेंटेशन** : इसमें ढोडी, गाल और जबड़े को रिशेप किया जाता है। इसे फेशियल इंप्लांट भी कहते हैं। महीन में 30 से अधिक ऑपरेशन हो रहे हैं।
- **राइटायडेक्टमी**: इसमें फेस को लिफ्ट किया जाता है। चेहरे की त्वचा को टाइट किया जाता है ताकि फेस जवान दिखे। यह 20 फीसदी युवाओं की पंसद है।
- **राइनोप्लास्टी** : अपने नाक के आकार को कई लोग बदलवाते हैं। उसे छोटी, लंबी, चौड़ी करने के लिए। बच्चों से लेकर युवाओं का हर महीने 40 से अधिक ऑपरेशन होता है।
- **ब्रेकियोप्लास्टी**: बाजू के ऊपरी हिस्से में ज्यादा फैट इकट्ठा हो जाता है, इसे ठीक करते हैं। 30 फीसदी मामले सालभर में इसके ही होते हैं।
- **गाइनोकॉमेशिया करेक्शन** : कई पुरुषों का पेट बड़ा होता है और चेस्ट छोटा होता है। इस ट्रीटमेंट से उसे ठीक किया जाता है।
- **लाइपोसक्शन** : पेट के फैट को निकलवाने के लिए यह ऑपरेशन करते हैं।

सिटी इवेंट

## सोचने, बोलने व करने में सामंजस्य नहीं, यह असफलता का कारण



रायपुर। लक्ष्य और महत्वकांक्षा विषय पर अधिवक्ता अमितेश पाठक ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सबसे पहले प्रतिभागियों से उनके लक्ष्य के बारे में पूछा, फिर बच्चों को ध्यान करवाया। इसके बाद प्रतिभागियों से अगले दस वर्षों के बाद के अपने जीवन को देखने को कहा। ध्यान की समाप्ति के बाद प्रतिभागियों से यादें साझा करने के लिए कहा गया तो कई प्रतिभागियों ने अपने जीवन के लिए जो लक्ष्य तय किया था, उसके उलट उन्हें अपना भविष्य दिखाई देने लगा। यह वैचारिक मैजिक रविवार को सिविल लाइन स्थित युवा संस्था के सभागार में चल रहा था। इस प्रयोग में कई छात्रों ने जो लक्ष्य बताया था, उसके उल्ट उन्हें भविष्य दिखाई दिया। इस पर सेमिनार में श्री पाठक ने कहा कि दरअसल हम जो सोचते हैं, जो बोलते हैं और जो करते हैं, तीनों में सामंजस्य नहीं होता है। इस वजह से जीवन में कुछ लोग ही लक्ष्य को प्राप्त करके सफल होते हैं।

### जीवन में नशे से बनाएं दूरी

आगे अपने जीवन की यादों को साझा करते हुए बताया कि एक बार खेत में छिपे तेंदुए को ढूंढने के दौरान उनकी जान बेहतर फिटनेस की वजह से बच पाई। उन्होंने छात्रों से जीवन में नशे से दूर रहने को कहा। साथ ही सड़क दुर्घटना में लाखों लोगों के मारे जाने का जिक्र किया। आईपीएस ने छात्रों को ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने का संकल्प दिलाया। सेमिनार के अंत में युवाओं से जुंबा करवाया, इसका सभी ने आनंद लिया। सेमिनार में जेसीआई सदस्य, समाजसेवी श्रद्धा नायक, उमेश तापड़िया सहित अन्य मौजूद थे। द्रोहित शिवहरे, देवलाल साहू ने भी अपना अनुभव साझा किए।



### स्वास्थ्य धन से सफलता

इसके पहले युवा संस्था में निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की ओर से संस्था की सचिव पल्लवी के नेतृत्व में युवा सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत सूत की माला, शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ से किया। वहीं युवा के संस्थापक एम. राजीव ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण और संस्था युवा का परिचय दिया। दूसरे सत्र में स्वास्थ्य ही धन है विषय पर आईपीएस संजय शर्मा ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति एवं उसमे सफल होने के टिप्स दिए। कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का महत्व परीक्षाओं की तैयारी के बाद भी जीवन में सफल होने के लिए अहम हैं। अगर परीक्षा मे सफल हो गए तो जिस क्षेत्र में जाएंगे, वहां की बेहतरी भी तय होगी।

## आज पूर्ण होगा 121वां उपवास, इस दौरान मात्र गर्म पानी का सेवन, जारी रही पदयात्रा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की धरा पर जैन मुनि विरागजी द्वारा 121 दिनों के जैन उपवास की अनुमोदना का सुअवसर आया है। मुनिश्री का 121वां उपवास पूर्ण हुआ है। उन्होंने पिछले 121 दिनों से किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का उपयोग नहीं किया है। दिनभर में थोड़ा गर्म पानी ही ग्रहण करते हुए तपस्या पूरी की है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि मुनि ने इस दौरान सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा की है। दैनंदिनी के सभी धार्मिक काम प्रवचन, प्रतिक्रमण, मुनि भगवंतों के लिए गोचरी लाना सामान्य रूप से जारी है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी श्रीसंघ मुनिश्री से पारणा की विनती करते हुए दिव्य तपस्वी विराग मुनि के 121 उपवास की अनुमोदना पद्मासन मुद्रा में 1 करोड़ 21 लाख नवकार महामंत्र का जाप सकल जैन समाज से करने आह्वान किया है।



*पद्मासन मुद्रा में होगा 1 करोड़ 21 लाख नवकार महामंत्र का जाप*



### फोटो व वीडियो कर सकते हैं व्हॉट्सऐप

महेन्द्र कोचर ने बताया कि तप की अनुमोदना मात्र से ही कर्मों की निर्जरा होती है। अतः देशभर के सकल जैन समाज के 1 करोड़ जैनियों से आव्हान करते हैं कि विराग मुनि के एक-एक उपवास की अहोभाव से अनुमोदना करें। इसे करते हुए 121 उपवास प्रत्यर्थ 121 नवकार महामंत्र का पद्मासन मुद्रा में जाप करें। समाज से अपील की है कि पद्मासन मुद्रा में जाप करते हुए अपनी व ग्रुप की फोटो और वीडियो 9827151109 व 9827156004 पर व्हॉट्सऐप करें।

## तालाब किनारे रोपे पौधे, यज्ञ के जरिए हरियाली की प्रार्थना

**रायपुर।** अवंति विहार स्थित शीतला माता मंदिर में गायत्री परिवार व पर्यावरण मित्र की मदद से वृक्षारोपण के साथ तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। सुबह रिमझिम बारिश के बीच खुशनुमा मौसम में तालाब किनारे पौधे रोपने का काम शुरू हुआ, जो दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों ने मंत्रोच्चार के बीच पौधे रोपकर माहौल को धार्मिक बना दिया। कुण्डीय गायत्री यज्ञ के जरिए पर्यावरण में हरियाली और शांति को लेकर प्रार्थना की गई।



आषाढ़ महीने में भगवान विष्णु की पूजा के साथ पेड़-पौधे लगाने का विधान ग्रंथों में बताया है। इस महीने लगाए पेड़-पौधों से दोष दूर होने की मान्यता ग्रंथों में बताई गई है। पुराणों और स्मृति ग्रंथों में वृक्षारोपण करने का बहुत पुण्य बताया है। आषाढ़ मास में पीपल, बरगद, नीम, आंवला, अशोक, तुलसी, बिल्व पत्र और अन्य पेड़-पौधे लगाने की परंपरा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान बारिश का मौसम होता है, जिससे पेड़-पौधे मुरझाते नहीं और जल्दी बड़े होते हैं। इस दौरान अखिल भारतीय गायत्री परिवार के जिला समन्वयक लच्छुराम निषाद के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

फैशन डिजाइनिंग छात्रों ने नए स्वरूप में पेश की परंपरागत कलाएं

## गांव की थीम पर सजाई कक्षा, मोती और सुनहरे धागों से बनाए झुमके

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** 'डिजाइनर चौक' प्रदर्शनी में फैशन डिजाइनिंग छात्रों संग शहरवासी भी शामिल हुए, जिन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न वस्तुओं को खरीदने में रुचि दिखाई। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 16 जुलाई को किया जाएगा, रविवार को देर शाम तक फैशन इवेंट का आयोजन किया गया। डीएसआईएफडी इंस्टिट्यूट के टैगोर नगर स्थिति कैंपस में इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसे फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग व इवेंट मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने लगाया है।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने थीम के अनुसार अपनी कला की प्रस्तुति दी। जिसमें प्रत्येक थीम आकर्षण का केंद्र बनी रही। फैशन इवेंट की शुरुआत सीनियर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए डिजाइनर ड्रेस के साथ हुई। इस प्रदर्शनी में जूनियर, सीनियर के साथ ही इंस्टिट्यूट से शिक्षा पूर्ण करने वाले भूतपूर्व छात्रों ने भी हिस्सा लिया। चेयरमैन राजेश बरलोटा व डायरेक्टर शेखर जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।







### फूल-पत्तियों की सहायता से ड्रेस को यूनिक लुक



सीनियर आसना, रिद्धि, मुस्कान और कशिश के जोड़ी ने 'नेचर थीम' पर ड्रेस व बैकग्राउंड तैयार किया। छात्रों ने बताया, बीते दो दिनों से क्रिएटिविटी आइडियाज के साथ ड्रेस को तैयार किया गया है। सफेद कपड़े के ऊपर चित्रकारी की गई। ड्रेस में मुख्य आकर्षण का केंद्र फूल व पत्तियों की डिजाइन रही, जिसमें से कई असली फूल व पत्तियों की सहायता से किया गया है। इंस्टिट्यूट की छात्रा कशिश आहुजा ने बताया, प्रदर्शनी में थीम के अनुसार स्टॉल सजाया गया है। जिसमें इयर रिंग, ब्रेसलेट जैसी गर्ल्स की मनपसंद वस्तुओं को रखा गया है। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र हैंडमेड इयर रिंग रहा। इसमें रंग-बिरंगे मोती, स्टोन, गोल्डन व सिल्वर धागों का प्रयोग किया गया। दुकान में 50 रुपए से लेकर 300 रुपए तक वस्तुएं उपलब्ध थी, जिसे हाथों से ही बनाया गया।

### मिट्टी का प्रयोग

छत्तीसगढ़ी परंपरा प्रदर्शनी में देखने को मिली। आदिवासी संस्कृति को क्ले में उकेरा गया। इसकी प्रस्तुति के लिए वुड के ऊपर क्ले की मदद से डिजाइन बनाया गया। पुरानी पेटी को रंगरोगन कर टेबल बनाया गया। पर्दे को आर्टिफिशियल फूल के साथ सजाया गया। इस दौरान उपस्थित प्रत्येक दर्शकों को वृक्षारोपण का संदेश देने के साथ ही बीज को दिए गए।

### पाइप की मदद से बनाया टेबल स्टैंड

इस अवसर पर जूट से तैयार किया गया बॉतल और आईना देखने को मिला। इसे दर्शक खरीदा भी सकते हैं। छात्रों द्वारा वेस्ट पाइप का उपयोग करते हुए, टेबल स्टैंड व लाइट लगाने के लिए डिजाइनर दीया बनाया गया। जिसे जूनियर छात्र वर्षिता, निशा, नेहा, काव्या, रमनदीप कौर ने मिलकर तैयार किया।

## कैंपस लाइव

# शिक्षकों की मेहनत से ही संवरता है छात्रों का जीवन



**रायपुर।** लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख टीपी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भातखंडे ललित कला शिक्षक समिति के अध्यक्ष तरल मोदी ने की। इस अवसर पर अतिथि शर्मा ने नवप्रवेशित छात्राओं को कॉपी, पेन, पुस्तक एवं मिष्ठान भेट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता का श्रेय गुरुजनों को जाता है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा के कारण ही बच्चों का जीवन सफल हो पाता है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अजय तिवारी, तरल मोदी, शोभा खंडेलवाल, पूजा दानी, आरके गुप्ता विशेष रुप से उपस्थित रहे।

### उत्सुकता संग मुस्कान

गुरुकुल महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संध्या गुप्ता, कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्या नाथ सिंह एवं लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य मनीषा गहोई को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। नए कक्षा में प्रवेश के दौरान बच्चों के चेहरे में उत्सुकता देखते ही बन रहा था, जो अपने नए सत्र के किताब पाकर खुश नजर आए।

## समाज लाइव

# नन्हे बच्चों को संस्कार देने प्रारंभ किए जाएंगे विशेष केन्द्र



**रायपुर।** वल्लभनगर और अमलीडीह केंद्र के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में रविवार को हुई सामूहिक मासिक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें मुख्य रूप से झुग्गी बस्तियों के बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र शुरू करने का सर्वसम्मति निर्णय लिया गया। बैठक में महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि दोनों ही केंद्रों की महिला सभासदों ने नए सदस्यों को महाराष्ट्र मंडल से जोड़ने के लिए कार्ययोजना को लेकर बातचीत की। गोवा थीम पर सज-संवरकर पहुंची महिलाओं ने कुर्सी दौड़ का आनंद लिया।

### बनाई जाएगी एक से अधिक टीम

इस मौके पर महिला प्रमुख विशाखा व महिला सह प्रमुख अपर्णा देशमुख का श्रीफल और पौधे देकर अभिनंदन किया गया। बैठक में सभी सभासद एक स्वर में मिल जुलकर काम करने के लिए सहमत हुए। बैठक में सुलभा विठालकर, अर्चना जतकर, अपर्णा पेंडसे, नंदा अगस्ती, चाणडोलकर, रोहिणी चिमोटे, शोभा पाटिल, शुभांगी आप्टे, अल्पना देवरनकर, माधुरी गाडगिल, प्राजक्ता पुसदकर, कांचन पुसदकर, आशा बारेवार, मनीषा सदन, प्रीति केसकर, मंजूषा चिलमवार, मानसी विठालकर, प्रेमा विठालकर, प्रतिमा आगलावे, शोभा ठाडा, अमलीडीह केंद्र से अर्चना धर्माधिकारी, अक्षरा भगाडे, मेघा जोशी, प्रेरणा सप्रे, अर्चना भाकरे, मेघा, संतोषी देवस्थले सहित अनेक सभासद उपस्थित थीं।

## एजूकेशन अपडेट

# सीबीएसई की पूरक परीक्षाएं आज से, 22 तक चलेंगे पर्चे

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षाओं के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। शेड्यूल के मुताबिक सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होंगी जो 22 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा 10वीं के लिए कंप्यूटर एप्लीकेशन और सूचना प्रौद्योगिकी को छोड़कर सभी विषयों के लिए परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। कंप्यूटर एप्लीकेशन और सूचना प्रौद्योगिकी की परीक्षा 10.30 से 12.30 तक होगी। इसी तरह कक्षा 12वीं के लिए पूरक परीक्षाएं ओडिसी नृत्य, वाणिज्यिक, कला, हिंदुस्तानी संगीत, चित्रकला, भरतनाट्यम नृत्य, कथक नृत्य, योग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषयों की परीक्षा सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर दोपहर 12:30 बजे समाप्त होगी। शेष सभी विषयों के लिए परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। छात्रों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व केंद्र में पहुंचने निर्देश दिए गए हैं।

### प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए मिलेंगे 15 मिनट

सीबीएसई बोर्ड 10वीं, 12वीं की परीक्षा फरवरी से अप्रैल 2024 के बीच हुई थी। सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट मई में जारी किया गया था। नियमानुसार 10वीं, 12वीं परीक्षाओं में एक या दो विषयों में फेल हुए स्टूडेंट्स सीबीएसई बोर्ड सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 दे सकते हैं। शेड्यूल ऑफिशियल वेबसाइट पर पहले ही अपलोड कर दिया गया था। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की सभी विषयों की परीक्षा सिर्फ एक दिन यानी 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी। प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए स्टूडेंट्स को 15 मिनट का समय दिया जाएगा।

## सावन में प्रत्येक दिन भजन-कीर्तन, कांवड़ रखने मंदिर परिसर में विशेष स्टैंड

# सज रहे शिवालय...श्रावण मास में भस्म आरती से लेकर अखंड पाठ का सिलसिला, फूलों से सजेंगे द्वार

इस बार सावन का शुभारंभ सोमवार से होने वाला है। इसे देखते हुए भक्तों के साथ प्राचीन मंदिरों में इस खास अवसर को भक्तिमय बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। महादेव घाट के हटकेश्वर नाथ श्रीधाम सावन के लिए सज चुका है। तीन साल बाद मंदिर की रंगाई-पुताई के साथ ही मेला स्थल को भी खास लुक दिया जा रहा है।

**रायपुर।** श्रीहर नीलकंठेश्वर का पहले सोमवार की शाम को चांदी के आभूषणों से भोले का विशेष रूप में श्रृंगार भी होगा। इसके लिए भाठागांव स्थित मंदिर में तैयारी शुरु हो गई है। सावन का उत्साह महीनेभर देखने को मिलता है। इसमें दूर-दराज से भक्तों का जत्था कांवड़ धारण करके शिवालयों की ओर रवाना होता है। यह सिलसिला इस बार 21 जुलाई की शाम से ही देखने को मिलने वाला है। इसे देखते हुए बिलासपुर मार्ग पर बंजारेश्वर महादेव के दरबार को सजाने-संवारने और रंगीन लाइट से रोशन करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यहां हर साल सावन में दूर-दराज से लोग कांवड़ लेकर आने के साथ ही दर्शन का पुण्य लाभ लेने हजारों की तादाद में सुबह से ही पहुंचते हैं। कुछ इसी तरह के नजारे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित बंजारी मंदिर में भी देखने को मिलते हैं, जहां शिव की लोग आराधना करने के लिए भक्त पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि मंदिर क्षेत्र में नाग-नागिन का जोड़ा है, उन्हें लोग नाग पंचमी को दूध अर्पित करते हैं।



### हर सोमवार विशेष भोग व श्रृंगार

प्राचीन हटकेश्वर नाथ का दरबार सजाने-संवारने का सिलसिला भी महादेव घाट में शुरू हो गया है। यहां सावन में रविवार व सोमवार को भक्तों का मेला लगता है। महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि दिनभर दर्शन व अभिषेक करने वाले भक्तों का भी तांता लगता है। इस साल महादेव घाट के आस-पास वाले क्षेत्र को नगर निगम द्वारा संवारा जा रहा है। वहीं मंदिर प्रबंधन ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रृंगार एवं भोग को लेकर गुरु पुर्णिमा को रुपरेखा तय की जाएगी। प्रत्येक सोमवार विशेष श्रृंगार संग भोग की व्यवस्था की जाएगी।

### बारिश से बचाने परिसर में विशेष व्यवस्था

प्राचीन पंचमुखी महादेव मंदिर सरोना में हर साल की इस बार भी पहले सोमवार से ही महादेव का फूलों से श्रृंगार का सिलसिला शुरु हो जाएगा। मंदिर संचालन से जुड़े ठाकुर परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार मंदिर परिसर में बारिश से बचाव के लिए पंडाल भी लगाएंगे। हर सोमवार को महादेव का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। समिति के सदस्य कामेश सिंह ठाकुर ने बताया कि भजन-कीर्तन का क्रम सावन में हर दिन चलता है। भक्तों को अभिषेक के लिए पर्याप्त समय एवं सुविधा भी देते हैं।





### मुकुट, मुखौटा व जलहरि चांदी

भाठागांव स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव का दरबार सजने लगा है। रंग-बिरंगी लाइट से इसे रोशन करने के साथ ही कांवड़ लेकर आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए कांवड़ रखने के लिए स्टैंड बना रहे हैं। मंदिर के संस्थापक एवं संरक्षक मनोज वर्मा ने बताया कि पहले शाम को सुबह से ही पूजा एवं अभिषेक विधि-विधान से किया जाएगा। इसमें आस-पास से सैकड़ों भक्त परिवार के लोग भी शामिल होंगे। शाम को चांदी का मुकुट, मुखौटा व जलहरि का श्रृंगार होगा। इसके बाद शाम की आरती होगी।



### पंचामृत स्नान व भस्म आरती

पुरानी बस्ती के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर की रंगाई-पुताई का दौर जारी है। सावन के पहले सोमवार को ही सुबह साढ़े पांच बजे महादेव का पंचामृत स्नान होगा। इसके बाद भस्म आरती में भक्त शामिल होंगे। मैनेजिंग ट्रस्टी ने बताया, हर सोमवार शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसकी रूपरेखा गुरु पूर्णिमा को तय की जाती है। इस बार हर सोमवार को महादेव को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। आस-पास की भजन मंडलियों द्वारा बूढ़ेश्वर धाम में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है।



# ब्रिटिश शासन काल से वर्तमान तक स्टांप व करेंसी संग्रह, 3 हजार लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार



**रायपुर।** भारतीय जैन संगठना द्वारा जैन समाज के उत्तम कार्य करने वाले 6 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज के सदस्यगण भारी संख्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में राजेन्द्र लुंकड़ और संगठना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर उपस्थित रहे। इस दौरान रायगढ़ की याशी जैन, शहर की विभूति दुग्गड व अखिल डाकलिया , दुर्ग के शांतिलाल चोपड़ा, उड़ीसा राज्य के खरियार रोड से रितेश जैन और मध्यप्रदेश के बालाघाट के ज्ञानचंद चोपड़ा को सम्मानित किया गया।



### निःशुल्क इलाज की सुविधा

बालाघाट से शामिल हुए ज्ञानचंद चोपड़ा बीते 30 वर्ष से लगातार निःशुल्क आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों का इलाज कर रहे हैं। जिन्होंने अब तक लगभग 3 हजार से अधिक लवारिस शरीर का अंतिम संस्कार किया है। साथ ही वह जिला अस्पताल में लोगों की सहायता के लिए कार्य कर रहे हैं।



### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनोज लुंकड़, प्रदेश महासचिव विजय गंगवाल और किशोर बरडिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। समारोह के दौरान रितेश जैन को ब्रिटिश शासन काल से वर्तमान समय तक अनेक स्टांप व करेंसी संग्रह करने के लिए सम्मानित किया गया। रितेश का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड में भी शामिल किया गया है, साथ ही इन्हें विभिन्न संस्थानों द्वारा कई पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है।



# मेधा का सम्मान, ताकि बेहतर प्रदर्शन करें समाज के विद्यार्थी



**रायपुर।** अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां समस्त ब्राम्हण समाज के दसवीं व बारहवीं के 46 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा व सुनिल ओझा उपस्थित रहे। जिन्होंने उपस्थित बच्चों को पुरस्कार भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति के सचिव प्रदीप मिश्रा, जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, संयोजग संगठन अवधेश हरदीवान, सुधीर तिवारी उपस्थित रहे।

### बच्चों को प्रोत्साहित करने पुरस्कार

समिति के अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया, समाज के गौरव को बढ़ने वाले समस्त विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास है। समारोह में 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले छात्रों को शामिल किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके माता-पिता व परिजन भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर खुशी मिश्रा, श्रैया शुक्ला, अथर्व दीवान, संस्कृति गोतम, नूपुर तिवारी संग अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया।

## महिला उद्यमी आगामी त्यौहार के लिए बना रही हैं पूजा थाल

कार्नर न्यूज

# पूजन के लिए चाहिए होममेड थाल, इस ट्रेडिशनल टच देने कौड़ी, स्टोन, मोती का प्रयोग, जूट की रस्सी से भी निर्माण

**रायपुर।** सावन मास के साथ ही पर्व की शुरुआत होने जा रही है, जिसके के लिए बाजारों में तैयारी जारी है। 22 जुलाई से सावन की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 7 अगस्त को हरियाली तीज और 19 अगस्त को राखी का पर्व मनाया जाएगा। त्यौहार से पूर्व ही महिलाओं द्वारा खरीदारी शुरू कर दी है, जिसके लिए लघु व्यापारियों ने पूजन सामाग्री को सजाने का कार्य शुरु कर दिया है। इस वर्ष भी पीतल व स्टील की पूजन सामाग्री की थाल खरीदारों की पहली पसंद है। परंपरागत थाल के स्थान पर वर्क व वुड मटेरियल की सजावटी थाल डिमांड में है। पूजा की थाल के लिए बाजार में पहले से मौजूद सजी-सजाई थाल पसंद की जा रही है। इसे मोती, रंग-बिरंगे स्टोन, धागा, रंग, कुंदन से सजाया जा रहा है। बाजार की मांग को देखते हुए विशेष रूप से महिलाओं के समूह द्वारा इसे तैयार किया जा रहा है। घर से ही इसकी बिक्री करने के अलावा वे प्रदर्शनी और मेले में भी इसके स्टॉल लगा रही हैं।

### वर्षों से मैरून रंग की थाली पहली पसंद

एक अन्य महिला उद्यमी नम्रता शर्मा ने बताया, महिलाओं की पसंद अनुसार थाल व पूजन सामग्री में उपयोगी वस्तुओं को सजाया जाता है। इसे मुख्य रुप से विभिन्न रंगों के उपयोग से डिजाइन किया जाता है। पूजन सामाग्री को अधिक आकर्षित बनाने के लिए स्टोन, रंग-बिरंगे पेंट, ग्लिटर्स, कुंदन का प्रयोग किया जाता है। मुख्य रुप से महिलाओं को मैरून रंग में सजाई वस्तुएं पसंद आती है, जिसे शुभ माना जाता है।





### कोलकाता से मंगा रहे सजावटी वस्तुएं

उद्यमी प्रीति अग्रवाल ने बताया सावन, राखी जैसे विभिन्न त्यौहार के लिए थाल सजाई जाती है। जिसमें महिलाएं पूजन सामाग्री रखना पसंद करती हैं। मेरे द्वारा स्टील, पीतल और वुड मटेरियल पर थाल सजाई जाती है, जिसमें खरीदारों की पहली पसंद वुड मटेरियल है। कोलकाता व शहर के दुकानों से सजाने के लिए उपयोगी वस्तुएं मंगाई जाती है। इमसें आर्टिफिशियल फूल-पत्ते, स्टोन, मोती, स्पार्कल, धागा जैसे अन्य वस्तुएं शामिल हैं। इस सावन लोग हरे रंग में पूजन समाग्री रखने के लिए थाल की डिमांड कर रहे हैं। इसकी कीमत 500 से 2000 रुपए तक है।



### माह भर पहले प्रारंभ कर देते हैं कार्य

अंजली पारेख ने बताया, गणेश पूजा, तीज, राखी और सावन के लिए थाल सजाई जा रही है। जिसमें हल्दी, कुमकुम, दीपक, कलश रखने के लिए बर्तनों को अलग से सजाया जाता है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न थीम व न्यू लुक के साथ बाजार में पूजन समाग्री को लाया जाता है। इसमें स्टोन वर्क, थ्रेड वर्क, जूट की रस्सी, मोती, कौड़ी, आर्टिफिशियल रंग-बिरंगे पत्ते, फूल व पेंट का प्रयोग किया जाता है। इसकी कीमत 300 से शुरु है, जो सजावटी वस्तुओं के अनुसार बढ़ती जाती है। इस वर्ष होममेड वर्क डिमांड पर है, जिसे खरीदार पसंद कर रहे हैं। पूजन सामाग्री में महिलाओं की पहली पसंद पीतल व स्टील थाली होती है, जिसें लंबे समय तक उपयोग में लाया जा सकता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 17 से



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिये खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक (03 दिवस) सुबह 7:00 बजे से किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यो के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें पहले दिन खिलाड़ियों का पंजीयन एवं दस्तावेज परीक्षण, मेडिकल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में होगा। द्वितीय एवं तृतीय दिन खेल कौशल परीक्षण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच -01, रायपुर में किया जावेगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। छात्रावासी खेल अकादमी मे खेल के अनुसार निर्धारित संख्या बालिका 30 सीट है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी का चयन परीक्षण निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जायेगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है।

### शतरंज की जूनियर स्टेट चैंपियनशिप 26 से



**रायपुर।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सहयोग से मुंगेली में मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा जूनियर चेस चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा में 19 वर्ष से नीचे के बालक - बालिका भाग ले सकते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश टीम बनेगी जिसमें दोनों वर्गों से 4-4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। इस स्पर्धा को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली हुई है जिससे शतरंज के उदीयमान खिलाड़ी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त कर सकते है वहीं पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी रेटिंग में इजाफा कर सकते हैं। इस स्पर्धा के बालक वर्ग में विजेता को 7000 रुपए व ट्रॉफी तथा उप विजेता को 5000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान किए जायेंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 3000 हजार, 2000 हजार एवं 1500- 1500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा । इसी तरह से बालिका वर्ग में विजेता को 5000 रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 4000 हजार रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दिए जायेंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 3000 रूपये, 2000 रुपए एवं 1500 - 1500 व मोमेंटो इनाम के रूप में मिलेगा। स्पर्धा स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेला जाएगा। प्रतिभागियों को पूरे चक्र खेलना होगा। सर्वाधिक अंकों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। प्रत्येक खिलाड़ियों को स्पर्धा के दरमियान 1-1 घंटा का समय प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का इंक्रीमेंट के साथ दिया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ में निवासरत कोई भी इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते है। सभी खिलाड़ियों का वर्तमान में राज्य संघ व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से जीवित पंजीयन आवश्यक है। इस स्पर्धा में 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर व सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए विशेष छूट के तहत 50 प्रतिशत रियायत देते हुए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। खिलाड़ियों के रुकने हेतु निशुल्क डॉरमेट्री की व्यवस्था की गई है। उक्त स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 जुलाई रात्रि 9 बजे तथा 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 22 जुलाई रात्रि 9 बजे निर्धारित है।

### कई गंभीर बीमारियों की वजह बनता है बढ़ता वजन, रहें सावधान

# लगातार बढ़ता वजन होता है घातक नियंत्रित करने अपनाएं जरूरी उपाय

वजन बढ़ना मौजूदा समय की गंभीर समस्या है जिसे कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। अधिक वजन को हृदय रोगों, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म की समस्या को बढ़ाने वाला भी माना जाता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को वजन को कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। क्या आप भी अधिक वजन की समस्या के शिकार हैं? अगर हां तो इसे कंट्रोल में करने के लिए उपाय करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रात के समय की हमारी कुछ आदतें वजन को कंट्रोल करने में मदद कर सकती हैं, इनपर ध्यान दिया जाना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वजन को कंट्रोल करने के लिए लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखना जरूरी हो जाता है। इसमें शाम के समय की आदतों का विशेष महत्व माना जाता है। आप किस तरह की चीजें खाते हैं, दिनचर्या कैसी है, इसका भी संपूर्ण स्वास्थ्य और वजन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?



#### लाइफस्टाइल को रखें ठीक

जब आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हों, तो स्वास्थ्यवर्धक भोजन और नियमित रूप से वर्कआउट करना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके अलावा दिनचर्या में कुछ और छोटे-छोटे बदलावों पर भी सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने और सेहत में सुधार के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



#### अच्छी नींद बहुत जरूरी

वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो नींद की गुणवत्ता को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए जरूरी है कि आप रोजाना एक ही समय पर सोएं और जागें। एक शेड्यूल का पालन करने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती है। गुणवत्तापूर्ण नींद लेना वजन घटाने की योजना में आपके लिए लाभकारी हो सकती है। डाइटिंग के दौरान अगर आप नींद को ठीक नहीं रखते हैं तो यह भी वजन बढ़ाने वाली हो सकती है।

#### शारीरिक गतिविधि पर दें ध्यान

वजन को कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें। शाम के समय शारीरिक गतिविधि इसमें आपके लिए मददगार हो सकती है। उच्च तीव्रता वाले व्यायाम आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए हमेशा शाम के समय हल्के स्तर के ही व्यायाम करना चाहिए। बहुत देर तक वर्कआउट न करें। सोने से कम से कम एक घंटा पहले व्यायाम नहीं करना चाहिए।

#### रात के भोजन का रखें ध्यान

रात के समय भोजन पर ध्यान देना वजन को कंट्रोल करने में आपके लिए मददगार हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हल्का डिनर करने की सलाह देते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से तेजी से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि रात के समय हल्का भोजन करें और भोजन के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं। भोजन का समय भी वजन को कंट्रोल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## बालों को घना और लंबा करने रोजाना करें ये योगासन

महिलाएं हों या पुरुष, सभी के लिए बाल उनके शरीर का वह अहम भाग है जो लुक को अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बनाता है। हालांकि मौसम, प्रदूषण, पौष्टिक आहार की कमी और गलत जीवनशैली का असर लोगों के बालों पर होता है। कई लोगों के बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। बाल झड़ने के साथ ही उनकी ग्रोथ भी रूक जाती है। इसके अलावा उम्र से पहले बाल सफेद होने की भी समस्या हो सकती है। मानसून के मौसम में तो बाल झड़ने की शिकायत लगभग हर किसी को रहती है। बालों को लंबा, घना और काला बनाए रखने के लिए कई तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि इन प्रोडक्ट्स का कई बार साइड इफेक्ट हो सकता है और बाल झड़ने की समस्या में इजाफा हो सकता है। ऐसे में अगर बालों को घना और लंबा करना है तो नियमित योगासनों का अभ्यास फायदेमंद हो सकता है। चलिए जानते हैं बालों की सेहत के लिए लाभकारी योगासनों के बारे में।



**शीर्षासन:** इस आसन से सिर की ओर रक्त प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। शीर्षासन के अभ्यास से तनाव दूर हो सकता है, साथ ही बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। अगर आपके बाल झड़ रहे हों और बेजान हो रहे हैं या फिर समय से पहले बाल सफेद हो रहे हों तो शीर्षासन का अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए दोनों हाथों को सिर के पीछे ले जाएं और नीचे झुकते हुए सिर को नीचे की ओर रखें।


**बालासन:** पेट संबंधी समस्याओं और तनाव से राहत पाने के लिए बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। पेट की समस्या और तनाव के कारण ही बाल झड़ने लगते हैं। इसलिए बालों की ग्रोथ और घने करने के लिए बालासन फायदेमंद हो सकता है। इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब हाथों को ऊपर की ओर ले जाते हुए गहरी सांस लें।

**त्रिकोणासन:** अगर समय से पहले बाल सफेद हो रहे हैं और बालों में रूखापन है तो त्रिकोणासन का अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए दोनों पैरों को कुछ दूरी पर रखकर खड़े हो जाएं। अब हाथों और कंधों को सीध में रखते हुए ऊपर उठाएं। दाहिनी ओर झुकते हुए दाहिने हाथ से पैर को छुएं। इस दौरान बाएं हाथ को आसमान की ओर उठाएं। यह प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**भुजंगासन:** बालों को घना, काला और लंबा बनाने के लिए भुजंगासन का अभ्यास नियमित करें। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेटकर पैरों को आपस में मिला लें। अब हथेलियों को सीने के पास कंधों की सीध पर रखते हुए माथे को जमीन पर रखें। गहरी सांस लेते हुए शरीर के आगे के हिस्से को ऊपर उठा लें। हाथों को सीधा करते हुए इसी मुद्रा में कुछ सेकंड रहें।



## हथेली पर है ऐसी रेखा तो हो जाएं सावधान



किसी के जीवन के बारे में परिणाम प्राप्त करने के लिए किसी की हथेली को पढ़ने की कला को हस्तरेखा विज्ञान के रूप में जाना जाता है। वैदिक ज्योतिष के क्षेत्र में, हस्तरेखा विज्ञान को मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए अभिन्न माना जाता है। हस्तरेखा शास्त्र विवाह, करियर, प्रेमसंबंध, आय जैसे तमाम पहलुओं की जानकारी देता है। हस्तरेखा विज्ञान में हथेली पर बनने वाले कुछ योग को अशुभ और कुछ को बहुत शुभ बताया गया है। हम आपको हथेली में बनने वाले कुछ ऐसे ही अशुभ संकेतों के बारे में जानकरी दे रहे हैं।

#### हथेली के अशुभ संकेत

जिस जातक के हाथ में बहुत ही छोटी सूर्य रेखा हो और वह हृदय रेखा के पास जाकर ही समाप्त हो जाती हो उसे मनचाही नौकरी पाने में बहुत संघर्ष करना पड़ता है। यदि हथेली के सूर्य पर्वत पर 3-4 रेखाएं हो और वह सभी आपस में एक दूसरे को काट रही हो तो यह करियर के लिए बहुत ही हानिकारक मानी जाती हैं।

यदि हथेली में सूर्य पर्वत चपटा या नीचे की ओर धंसा हुआ हो तो ऐसे लोगों का करियर कभी भी ठीक नहीं रहता है। इन्हें बार-बार करियर में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार विवाह रेखा भी बहुत महत्वपूर्ण है। यह रेखा हाथ में सबसे छोटी उंगली के नीचे होती हैं और हथेली के बाहरी हिस्से से अंदर की ओर आती हुई दिखती हैं। यदि एक से ज्यादा विवाह रेखाएं हों तो व्यक्ति के एक से ज्यादा प्रेम सम्बन्ध होते हैं । विवाह रेखा यदि लंबी हो तो जातक के विवाहेत्तर सम्बन्ध रहते हैं। विवाह रेखा पर यदि तिल है तो जीवन साथी की जिंदगी के लिए खतरा है। ऐसी स्थिति में या तो जीवनसाथी की मौत हो सकती है या वह किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति हो सकता है। यदि विवाह रेखा की शुरुआत दो हिस्सों में बंटी हो या उससे कोई शाखा निकलती हो तो ऐसे जातकों का तलाक होने या रिश्ते में दूरी आने की आशंका रहती है। यदि विवाह रेखा नीचे की ओर

## घर में बना रहता है तनाव, तो अपनाएं फेंगशुई के उपाय



फेंगशुई के अनुसार, दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम में लाल रंग के गुलाब के फूल रखने चाहिए। यदि फूल संभव न हो तो लाल रंग के गुलाब के फूल की फोटो रखने से भी लाभ होता है। फेंगशुई के मुताबिक दांपत्य जीवन में सुख-शांति और मधुरता के लिए घर की दीवार में सफेद घोड़े की पेंटिंग लगाने से प्रेम संबंध प्रगाढ़ होता है। फेंगशुई में भी जीवनसाथी की तस्वीर बेडरूम में लगाना शुभ बताया गया है, हालांकि, इस दौरान एक बात का ध्यान रखें कि दोनों की तस्वीर हंसते हुए होनी चाहिए। घर में जीवनसाथी के साथ तनाव चल रहा है तो घर में परिंदों की फोटो, पेंटिंग या पोस्टर लगाना चाहिए। इससे घर में सुख-शांति का माहौल बने रहता है और जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध स्थापित होते हैं। फेंगशुई के अनुसार घर में डॉल्फिन की तस्वीर लगाने से भी वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। डॉल्फिन की फोटो खेलते या डांस करते हुए होनी चाहिए।

## क्या आप रखते हैं 'रेड फ्लैग' दोस्त की पहचान, इनसे दूरी बनाना ही बेहतर

**स्वार्थी व्यवहार:** यदि आपका दोस्त हमेशा अपने बारे में सोचता है और आपकी जरूरतों को नजरअंदाज करता है, तो यह एक रेड फ्लैग हो सकता है।

**भरोसा तोड़ना:** अगर आपका दोस्त आपके भरोसे का बार-बार दुरुपयोग करता है, तो यह एक बड़ा चेतावनी संकेत है। अक्सर देखा जाता है कि सामने वाला तो आपको बार-बार धोखा दे रहा है लेकिन आप दोस्ती के खातिर उसे माफ कर देते हैं। ये आगे चलकर खतरनाक साबित हो सकता है।

**आपको नीचा दिखाना :** यदि आपका दोस्त हमेशा आपकी आलोचना करता है और नेगेटिविटी फैलाता है, तो ये एक संकेत हो सकता है कि वह आपका सच्चा दोस्त नहीं है। एक अच्छा दोस्त हमेशा आपको मोटिवेट करेगा और गलत काम करने से भी रोकेगा।



**झूठ बोलना:** अगर आपका दोस्त बार-बार झूठ बोलता है और आपसे चीजें छुपाता है, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि वह भरोसे के लायक नहीं है। ऐसे लोगों से दूरी बनाएं।

**नहीं करना भावनात्मक समर्थन:** आज के समय में लोगों की मेटल हेल्थ काफी खराब है। ऐसे में अगर आपका दोस्त आपके साथ भावनात्मक समर्थन के लिए नहीं होता और आपकी समस्याओं को हल्के में लेता है, तो यह भी एक रेड फ्लैग हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# इस दिन परदे पर उतरेगा नया कैप्टन अमेरिका, दोस्ती के सबसे बड़े दिन



मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है।

टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है, क्योंकि रॉस का मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) में सुपरहीरो के साथ एक जटिल इतिहास रहा है, जो अक्सर सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी के बीच झूलता रहता है। 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में विल्सन और रॉस के बीच गठबंधन गतिशीलता में बदलाव का सुझाव देता है, जो राजनीतिक साजिश, नैतिक दुविधाओं और उच्च जोखिम वाली कार्रवाई से भरी कहानी का वादा करता है। टीजर गहन दृश्यों से भरा हुआ है, जो सैम विल्सन की चपलता और ताकत को प्रदर्शित करता है क्योंकि वह नए खतरों से लड़ते हैं और वैश्विक राजनीति के जटिल परिदृश्य को नेविगेट करते हैं। कार्ल लुंबली यशायाह ब्रैडली के रूप में अपनी भूमिका को दोहराएंगे, एक अलौकिक चरित्र जिसे पहली बार एमसीयू की 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर' सीरीज में पेश किया गया था। इसके अतिरिक्त डैनी रामिरेज अमेरिकी वायु सेना में पहले लेफ्टिनेंट जोकिन टोरेस के रूप में लौटेंगे।

### टॉलीवुड

# 'द गोट लाइफ' से इस माह ओटीटी के दर्शक होंगे रूबरू



साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' मार्च में रिलीज हुई और तुरंत ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गई। फिल्म को आलोचकों और फिल्म प्रेमियों से सकारात्मक समीक्षा मिली, जो अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। अब तक, यह 2024 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म है। फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया और इसे हटाए जाने के तुरंत बाद फिल्म प्रेमी इसके ओटीटी पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, वे इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार अब उनके इंतजार खत्म होने का समय आ गया है, क्योंकि निर्माताओं ने 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' की ओटीटी रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक एलान कर खुलासा किया है कि यह फिल्म इस महीने ओटीटी पर दस्तक देने आ रही है। मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित यह सर्वाइवल ड्रामा 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म पांच क्षेत्रीय भाषाओं मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध होगी। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने फिल्म का पोस्टर जारी किया। कैप्शन में लिखा गया, 'साहस, उम्मीद और अस्तित्व की कहानी। इधु नजीबिंते अथिजीवन कथा। आडुजीविथम 19 जुलाई को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है।'

कहानी की बात करें तो यह फिल्म मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब पर आधारित है।

### भोजपुरी

# तोशी का लोकगीत 'दहेज मेरे बाप का' रिलीज, कायल हुए फैंस



सिंगर गोल्डी यादव और एक्ट्रेस तोशी द्विवेदी का दहेज पर आधारित गाना 'दहेज मेरे बाप का' रिलीज हो गया है। दहेज पर आधारित इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिशियल चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को गोल्डी यादव ने गाया है और गाने पर तोशी द्विवेदी ने बेहतरीन डांस किया है। इस गाने को सुनने के बाद गोल्डी की आवाज का हर कोई कायल हो गया है। गाने के वीडियो की बात करें तो इसमें एक्ट्रेस तोशी द्विवेदी इंडियन लुक में साड़ी पहनकर बेहद ही खूबसूरत अंदाज में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक है। वह अपने डांस मूव्स और नजाकत से ऑडियंस को क्रेजी करती नजर आ रही हैं। इस गाने का फिल्मांकन बहुत ही बेहतरीन किया गया है। यह लोकगीत एक सिचुएशनल सॉन्ग है, जिसमें दिखाया गया है कि पति-पत्नी के मधुर रिश्तों के बीच में दहेज जैसी कुप्रथा कैसे आड़े आती है।गाने में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि कैसे एक पत्नी अपने पति को अपनी हर बात मनवाने की कोशिश कर रही है और पिता द्वारा शादी में दिए गये दहेज की बात याद दिला रही है। वह कहती है कि घर में जो कुछ भी है वह सब मेरे पिताजी द्वारा दहेज में दिया गया है। वह कह रही है कि जब दहेज के रूप में आपकी सब डिमांड मेरे पिताजी ने पूरी किया है।

## यादों का फैशन




फैशन डिजाइनर रिकार्डो टिस्सी ने बरबरी के लिए अब तक के अपने सबसे निजी संग्रह के साथ लंदन फैशन वीक का समापन किया, जिसका शीर्षक था ₹मेमोरीज़₹ यानि यादें। यह शो वेस्ट लंदन के ओलंपिया प्रदर्शनी हॉल में आयोजित किया गया। अर्का के नाम से बेहतर पहचान रखने वाले वेनेजुएला के संगीतकार एलेजांद्रो गेर्सी और फ्रांसीसी बहनें कैटिया और मैरिएल लेबेक ने मिरर रनवे पर रखे दो भव्य पियानो पर फ्रांज शूबर्ट और फिलिप ग्लास के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

# नाखूनों पर चढ़ गया है मेहंदी का रंग तो अपनाएं ये तरीके



हर त्योहार पर मेहंदी लगाने का रिवाज है। हाथों पर मेहंदी लगाने से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है, पर कई बार ये देखने में आता है कि मेहंदी लगाते वक्त ये नाखूनों में लग जाती है।

हाथों में लगी मेहंदी तो कुछ दिन में हट जाती है लेकिन नाखूनों की मेहंदी लगी रह जाती है। उसे हटाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर आपके नाखूनों में मेहंदी के दाग रह गए हैं तो नारियल तेल की मदद से आप इसे साफ कर सकती हैं। इसे इस्तेमाल करना काफी आसान है।

इसके लिए पैन में पानी गर्म करें। पानी गर्म करते वक्त ध्यान रखें कि ये ज्यादा गर्म ना हो। अब अपने नाखूनों पर नारियल का तेल लगाएं। नारियल का तेल कुछ देर लगे रहने के बाद गुनगुने पानी में हाथों को डुबो दें। इसके बाद अपने नाखूनों को आपस में हल्के हाथ से रगड़ें।

कुछ देर में आपको इसका असर दिख जाएगा। नाखूनों पर से मेहंदी के दाग हटाने के लिए आप चीनी और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको किसी तरह का नुकसान नहीं उठाना होगा। चीनी और नींबू इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले छोटी कटोरी में चीनी ले लें। अब इसमें नींबू का रस डालकर घोल बनाएं। अब इसे नाखूनों पर लगाकर नाखून आपस में हल्के हाथ से रगड़ें। कुछ देर बाद हाथों को पानी से धो लें।

# पुराने स्टाइलिश लहंगे देंगे आपको नया लुक, इन्हें जरूर आजमाएं




यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाएं अपने त्यौहारों की काफी पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। महिलाएं महीने भर पहले ही प्लान बना लेती हैं कि इस बार व्रत के दिन क्या पहनना है। व्रत के लिए महिलाएं चाहती हैं कि वह इस दिन सबसे ज्यादा खूबसूरत दिखें। जिन महिलाओं का शादी के बाद पहला व्रत होता है, वह ज्यादातर इस दिन अपनी शादी का जोड़ा पहनती हैं। भला यही तो मौका होता है, जब महिलाएं लहंगा पहनना पसंद करती हैं। हालांकि, समस्या यह होती है कि पुराने लहंगे में नया लुक नहीं मिलता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप शादी के लहंगे को दोबारा पहन न्यू लुक पा सकती हैं।



## लहंगे के साथ पहनें इस तरह का ब्लाउज

त्यौहार या व्रत के दिन अपने पुराने ब्राइडल लहंगे में नया लुक पाने के लिए आप कॉन्ट्रास्ट कलर का ब्लाउज ट्राई कर सकती हैं। नए ब्लाउज से लहंगे को डिफरेंट लुक मिलेगा। अगर आप का लहंगा हैवी एंब्रॉयडरी वाला है, तो इसके साथ सिंपल ब्लाउज कैरी करें। लुक को इन्हांस करने के लिए ब्लाउज के नेक डिजाइन पर खास ध्यान दें। प्लंजिंग और डीप नेकलाइन ब्लाउज काफी सुंदर लगता है। ब्लाउज पर लटकन या डोरी लगवाने से यह दोगुना सुंदर लगेगा। ब्लाउज के स्लीव्स पर भी ध्यान दें। आप पफ स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। यह डिजाइन काफी पॉपुलर है।


## ब्राइडल लहंगे को नया लुक कैसे दें?

क्या आप कंफ्यूज हैं कि इस त्यौहार में क्या पहना जाए? अगर हम आपसे कहें कि इस दिन आप अपने ब्राइडल लहंगे को पहन सकती हैं? अब आप कहेंगी कि भला पुराने लहंगे में नया लुक कैसे मिलेगा। ऐसे में आज हम आपकी इस समस्या का समाधान लेकर आए हैं। ब्राइडल लहंगे में अलग लुक पाने के लिए आप दुपट्टे पर खास ध्यान दें। लहंगे के साथ आप हैवी दुपट्टा कैरी सकती हैं। इसके अलावा बाजार में आपको तरह-तरह के दुपट्टे डिजाइन मिल जाएंगे। इनमें गोटा पट्टी से लेकर मिरर वर्क डिजाइंस शामिल है।

## लहंगे को स्टाइल करने के टिप्स

लहंगे के साथ दुपट्टे को कई तरीकों से ड्रेप कर सकती हैं।

# मुल्तानी मिट्टी की मदद से आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे हो सकते हैं कम



देर रात तक जागने या किसी चीज पर ज्यादा स्ट्रेस लेने के कारण आँखों के नीचे काले घेरे बन जाते हैं। यह आपकी खूबसूरती को फीका करने का काम कर सकते हैं। आंखों के नीचे मौजूद डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

मुल्तानी मिट्टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व त्वचा के ऊपर मौजूद टैनिंग को हटाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व त्वचा के कालेपन को कम करने में मदद करती है। त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए मुल्तानी मिट्टी बेहद असरदार साबित होता है।

## क्या करें?

आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में करीब 1 से 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी की डालें। इसमें एलोवेरा के पौधे से पत्तियां तोड़कर और छीलकर जेल को निकाल लें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके आंखों क नीचे अंडर आई एरिया पर लगा लें। करीब 15 से 20 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद लेकर इसे साफ कर लें। इस अंडर आई पैक को आप हफ्ते में 3 से 4 बार तक इस्तेमाल कर सकती हैं। इसका लगातार इस्तेमाल से आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे धीरे-धीरे कम होने लगेंगे।

# अगर करती हैं मेकअप शेयर तो संभल जाइए, परेशानियां बढ़ती हैं इससे



कई बार ऐसा देखा जाता है कि ऑफिस में और घर पर भी किसी कार्यक्रम में महिलाएं अपना मेकअप शेयर कर लेती हैं। एक ही ब्रश से वो दूसरों का टचअप भी कर लेती हैं और लिपस्टिक तक शेयर करती हैं। आपकी इस आदत की वजह से आपको त्वचा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## कभी शेयर ना करें लिपस्टिक

लिपस्टिक को सीधा होंठों पर लगाया जाता है। ऐसे में अगर आप इसे किसी से शेयर करेंगी तो उनके स्किन पर लगे कीटाणु आपकी स्किन पर प्रभाव डाल सकते हैं। अगर किसी के होठों पर किसी तरह इंफेक्शन हुआ तो आपके ऊपर भी उसका खतरा मंडराएगा।

**काजल** : आंखें मनुष्य के शरीर का काफी संवेदनशील हिस्सा होती हैं। ऐसे में काजल को कभी गलती से भी शेयर ना करें। काजल शेयर करने का सीधा प्रभाव आपकी आंखों पर पड़ सकता है। काजल के अलावा आईलाइनर शेयर करने से भी दूर रहें।

**ब्लश और हाईलाइटर:** इन दोनों चीजों को सीधा त्वचा पर अप्लाई किया जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि ये भी किसी से साझा ना करें क्योंकि किसी ने अगर सही से अपना ब्रश साफ नहीं किया होगा तो उसपर लगे कीटाणु आकी त्वचा को हानि पहुंचा सकते हैं।

**मस्कारा:** आंखों की पलकों का वॉल्युम बढ़ाने के लिए मस्कारा इस्तेमाल किया जाता है। किसी और का इस्तेमाल किया हुआ मस्कारा आपकी आंखों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

**हो सकती हैं ये परेशानियां:** किसी का मेकअप शेयर करने से आपके चेहरे पर कई तरह का इंफेक्शन तेजी से फैल सकता है।

## कार्नर न्यूज

### शादी से पहले बैचलर पार्टी देने की ख्वाहिश होती है हर नौजवान की

# अपनी बैचलर पार्टी में लगना है सबसे अलग, तो खुद के लिए ऐसे चुनें ड्रेस

*शादी से पहले हर कोई अपनी बैचलर पार्टी रखी जाती है। इसके लिए आप इन आउटफिट को वियर कर सकती हैं। नौजवान अपनी शादी से पहले बैचलर पार्टी रखना पसंद करते है, जिसकी बैचलर पार्टी होती है वो अपने क्लोज फ्रेंड और करीबी लोगों को बुलाता है। इसको रखने का खास मकसद होता है शादी से पहले के कुछ दिनों को उनके साथ सेलिब्रेट करने का। ऐसे में लड़कियां हो या लड़कें, पहले से ही तैयारी करना शुरू कर देते हैं। अपने लिए अलग-अलग तरह की ड्रेस खरीदते हैं और उन्हें स्टाइल करते हैं।*



**सीक्वेंस वर्क ब्लैक ड्रेस :** अगर आपको कुछ स्टाइलिश ड्रेस पहनने का मन है तो इसके लिए आप सीक्वेंस वर्क वाली ब्लैक ड्रेस को वियर कर सकते हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें स्टाइल करके आप पार्टी लुक को कंप्लीट कर सकते हैं। इसमें आप लॉन्ग ड्रेस ले सकते हैं। वरना आप चाहे तो बॉडीकोन ड्रेस भी वियर कर सकते हैं। लड़कियां इन आउटफिट के साथ हूप्स इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

**मैक्सी ड्रेस :** लड़कियों के लिए मैक्सी ड्रेस में कई तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप वियर कर सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो स्लिट कट मैक्सी ड्रेस (पार्टी लुक्स) स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको नेक पर सीक्वेंस वर्क मिलेगा। इसकी नेकलाइन हॉल्टर होगी।

**बॉडीकॉन ड्रेस:** बॉडीकॉन ड्रेस का ऑप्शन भी बैचलर पार्टी के लिए बेस्ट है। इसमें लुक बेहद स्टाइलिश लगता है। इसी के साथ आप इसमें कई सारे ऑप्शन भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप सीक्वेंस वर्क वाले बॉडीकॉन ड्रेस, नेट ड्रेस और टेस्ल वर्क बॉडीकॉन ड्रेस वियर कर सकती हैं। आप इसमें कट स्लीव्स ड्रेस भी वियर कर सकती हैं वरना फुल स्लीव्स भी वियर की जा सकती है। मार्केट में इस तरीके की ड्रेस 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

